चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-276 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

03 अप्रैल 2025 गुरुवार

आज का मौसम

36 अधिकतम

20 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

# भारत @ 52 और अमेरिका ने ठोका 26% टैरिफ, क्या बातचीत का रास्ता खुला रखा?

**ट्रंप ने कहा भारत बहुत टफ है, 9 अप्रैल से लागू होगा नया टैरिफ**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आधी रात के बाद भारत पर करीब 26 फीसद रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान करके भारतीय बाजार व कारोबारियों को मंथन पर मजबूर कर दिया है। टैरिफ का ऐलान करते हुए ट्रम्प ने कहा- भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। खास बात यह है कि भारत तो अमेरिका पर इसका दोगुना यानि करीब 52 फीसदी टैरिफ लगाता है लेकिन ट्रंप ने यह दर आधी ही रखकर संभवत- बातचीत का रास्ता खुला रखने का संकेत ?भी दिया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के टैरिफ को लेकर महीनेभर से कारोबार जगत,सरकार व बाजार में उथलपुथल थी। बीती रात ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका पर 52 फीसदी तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाएगा। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों के लिए कठिन होता। भारत के अलावा चीन पर 34 फीसदी, यूरोपीय यूनियन पर 20 फीसदी, साउथ कोरिया पर 25 फीसदी, जापान पर 24 फीसदी, वियतनाम पर 46 फीसदी और ताइवान पर 32 फीसदी टैरिफ लगेगा। कंबोडिया पर सबसे ज्यादा करीब 49 फीसदी टैरिफ लगा है। इसके अलावा दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10 फीसदी बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है।

**अब यह होगा...: ऑटो सेक्टर में 25 फीसदी टैरिफ-** अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4 फीसदी टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60 फीसदी, वियतनाम 70 फीसदी और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। ट्रंप ने कहा अब अमेरिका दुनिया के किसी भी देश से अधिक अमीर होगा। हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं।

## भारत ने कंट्रोल रूम बनाया

भारत सरकार ने ट्रम्प की रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधिकारी कंट्रोल रूम में मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अमेरिकी टैरिफ से भारत के व्यापार पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का मूल्यांकन शुरू कर दिया है।




## इन पर टैरिफ नहीं लगेगा

जिन प्रोडक्ट्स पर डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ नहीं लगाया गया है, उसमें सोना-चांद और इंसुलिन समेत 50 प्रोडक्ट्स हैं। मसलन विटामिन बी2 (राइबोफ्लेविन) और इसके डेरिवेटिवविटामिन ए और उससे बने प्रोडक्ट्स, विटामिन बी1 (थायमिन) और इसके डेरिवेटिव, विटामिन सी व इसके डेरिवेटिव, फोलिक एसिड और इसके डेरिवेटिव, संवेदनशील ट्रांजिस्टरों के अलावा अन्य ट्रांजिस्टर,कागज या पेपरबोर्ड, सिंगल शीट में वाली किताबें, ब्रोशर, लेटर और इसी तरह की अन्य किताबें आदि।

# अध्यक्ष पर आरोप से भड़की कांग्रेस, खरगे ने कहा...इस्तीफा दे दूंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**



राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल आज पेश हो गया है। इस पर पक्ष और विपक्ष के बीच चर्चा की जा रही है। इस बीच राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर को उनपर लगाए आरोपों को साबित करने या पद से इस्तीफा देने की चुनौती दे दी है। खड़गे ने कहा कि अनुराग ठाकुर के आरोपों से उनकी छवि को नुकसान हुआ है। अगर उनके आरोपों में सच्चाई है तो वह सबूत पेश करें, या फिर सांसद का पद छोड़ें। खरगे ने कहा- अगर अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, मैं अपने पद (राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष) से इस्तीफा दे दूंगा। दरअसल, अनुराग ठाकुर ने बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पर बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर घोटाले का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा- कर्नाटक में जो घोटाले हुए उसमें इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम भी आता है। ठाकुर ने खड़गे का नाम लिया सदन में हंगामा शुरू हो गया था। हालांकि, हंगामा बढ़ने पर अनुराग ठाकुर ने खड़गे का नाम वापस ले लिया। सदन के रिकॉर्ड से भी इस बयान को हटा दिया गया था।

## भाजपा ने जबर्दस्ती वक्फ बिल पारित कराया



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आधी रात को पारित हो चुका है और अब इसे आज राज्यसभा में पेश करने की तैयारी है। राज्यसभा में दोपहर 1 बजे से चर्चा शुरू हुई है। इससे पहले आज सुबह दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही सोनिया गांधी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान सोनिया गांधी ने कहा कि भाजपा ने वक्फ बिल को लोकसभा में जबरदस्ती पारित करवाया है। यह बिल संविधान पर खुला हमला है।

### दोनों राजनीतिक दलों में दूरगामी असर वाले फैसलों पर मंथन के अंतिम दौर

# सस्पेंस... भाजपा का नया अध्यक्ष 6 के पहले, कांग्रेस में बदलाव 9 के बाद!

**भोपाल/नई दिल्ली,दोपहर मेट्रो।**

भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष 6 अप्रैल के पहले मिलेगा यह बाद, यह बात तेजी से सरगोशी कर रही है। दरअसल छह अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है तथा माना जा रहा है कि इस दिन तक भाजपा अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का काम पूरा कर लेगी। संसद का सत्र भी आज समाप्त हो रहा है और अगले दो दिन इस फैसले के लिये काफी माने जा रहे हैं। इसमें सघ की राय भी अहम होगी। सूत्रों की मानें तो संघ की राय और भाजपा की पसंद आदि पर अधिकतम तालमेल बन चुका है। इधर मप्र समेत कुछ राज्यों में अटका हुआ अध्यक्ष का फैसला भी करीब आ गया है। यह भी इस पर निर्भर होगा कि पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान होगा या साथ में प्रदेश अध्यक्षों का भी खुलासा।

मप्र में भाजपा अध्यक्ष के नाम पर दो महीने से असंमजस के चलते कुछ कामों में अपेक्षित गति नहीं है। यद्यपि बैठकें और अन्य कार्यक्रम चल रहे हैं लेकिन संगठन के भीतर प्रतीक्षा का दौर ही है। मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा को फिर मौका मिलने की संभावना अब कम है। यदि उन्हें तकनीकी आधार पर फिर मौका नहीं मिला तो उन्हें केंद्र में लाकर कद बढाने की कवायद की जा सकती है। वह खजुराहो से लोकसभा सांसद है इसलिए केंद्र में उनकी पहले से भूमिका है। हालांकि जानकार सूत्रों का दावा है कि भाजपा का नया अध्यक्ष संघ की पसंद के मुताबिक ही होगा। हालांकि हेमंत खंडेलवाल, नरोत्तम मिश्रा, माया नारोलिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, सुमेर सिंह सोलंकी, गोपाल भार्गव, संपत्तिया उइके नामों की चर्चा है, तो भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। वहीं एक कैबिनेट मंत्री का नाम भी चर्चा में बार बार उभर रहा है। लेकिन जानकार बताते हैं कि इन नामों में से एक या दो नाम ही ज्यादा मजबूत हैं।



## अंतिम राय बनाने का दौर

बताया गया कि हाइकमान द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए रायशुमारी लेने का अंदरूनी दौर तेज है। संगठन ने हाल में कई दौर की बैठकें की है, जो आगे भी जारी रहेगी। माना जा रहा है कि प्रदेश में अध्यक्ष चुनने में देरी राष्टीय अध्यक्ष का मामला साफ नहीं होने की वजह से भी हो रही है। मप्र में प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व ने ओडिशा से आने वाले राष्ट्रीय नेता, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी दी थी लेकिन लेकिन कुछ दिनों पूर्व उनके पिता का निधन हो गया था, लिहाजा वह भोपाल नहीं आ सके।



**आज जिलाध्यक्षों संग पटवारी दिल्ली में:** मप्र कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों की आज दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय में हैं। यहां बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, मप्र के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ इनसे चर्चा करेंगे। यह चर्चा मप्र में लगातार कांग्रेस के चुनाव हारने के कारणों समेत मौजूदा कामों पर होगी। बैठक में जिला अध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा होगी तथा जिला अध्यक्षों की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर राय ली जाएगी। इसके बाद 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव को पास किया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है।

## दुनियाभर के बाजार में मचा कोहराम

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा दुनिया भर के देशों पर टैरिफ लगाने के एलान के बाद अब खुद अमेरिका के शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है। अमेरिका के इक्विटी बेंचमार्क में 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जबकि बीते तीन दिनों से अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी थी । उधर टोक्यो निकेई 225 इंडेक्स में 3.4 प्रतिशत की कमी देखी गई। हालांकि बाद में इसमें थोड़ा सुधार हुआ अमेरिका ने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जापान पर 24 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है।

## वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

**अहमदाबाद।** गुजरात में दुर्घटनाग्रस्त हुए वायुसेना के विमान के घायल पायलट की मौत हो गई है। हादसे में घायल एक अन्य पायलट का इलाज चल रहा है। भारतीय वायु सेना ने एक्स पर लिखा है कि जामनगर एयरफील्ड से उड़ान भर रहा आईएएफ जगुआर दो-सीटर विमान रात्रि मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दरअसल, पायलटों ने विमान में तकनीकी खराबी देखी और उन्होंने विमान से बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि एयरफील्ड और स्थानीय लोगों को भी कोई नुकसान न पहुंचे। दुर्भाग्य से एक पायलट को गंभीर चोटें आईं और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया।

## कैश कांड के बाद नया मोड़: अब सुप्रीम कोर्ट के सभी जज घोषित करेंगे संपत्ति ब्यौरा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक करने का ऐलान किया है। चीफ जस्टिस को भी अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना होगा सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट ने यह तय किया है कि जजों को पद संभालते ही अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए। सीजेआई और जज अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा स्वेच्छा से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक करेंगे। मौजूदा समय में सीजेआई सहित सुप्रीम कोर्ट में कुल 30 जजों ने अपनी संपत्तियों का ब्योरा सार्वजनिक किया है। इनमें सीजेआई संजीव खन्ना से लेकर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस अभय एस ओक, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस बीवी नागरत्ना जैसे जज शामिल हैं. यह खबर ऐसे समय पर सामने आई है, जब हाल ही में जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से कैश बरामद किया गया था। कैश मिलने के मामले की जांच के लिए सीजेआई संजीव खन्ना ने 22 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ तीन सदस्यीय आंतरिक जांच शुरू की थी। आरोप है कि जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवासीय परिसर से नोटों की गड्डियां पाई गई थीं, जहां 14 मार्च को आग लग गई थी. नोटों की ये गड्डियां आग बुझाने वाली फायर ब्रिगेड की टीम ने स्टोर रूम में देखी थीं. आग की चपेट में आने से बहुत सारे नोट जल गए थे।

## लॉरेंस गैंग के 5 गुर्गे मुबंई में गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार, 2 अप्रैल को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### लाहौल-स्पीति में सिस्सू झील पर जमी बर्फ की चादर, मौसम के तेवरों ने पलट दी लू की कहानी

# मप्र समेत 12 राज्य में आंधी-पानी, हिमाचल में बर्फ से जम गई झील

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली हवाओं ने फिर देशभर में मौसम को पलटकर रख दिया है। पिछले हफ्ते हीटवेव से जूझ रहे कई राज्यों अगले कुछ दिनों तक बारिश और बादल की वजह से तापमान घटता रहेगा। मप्र भी इनमें शामिल रहेगा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक आज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में आंधी- बारिश और ओले गिर सकते हैं। यहां 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वही यूपी बिहार, बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, कनार्टक, आंध्र प्रदेश, कोंकण, गोवा और नॉर्थ ईस्ट के सातों राज्यों में बारिश का अलर्ट है। हालांकि, गुजरात के सौराष्ट्र, कच्छ, पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में गर्मी बढ़ेगी। उत्तरी हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश में



बर्फबारी के चलते लाहौल स्पीति की सिस्सू लेक जम गई है।

### मंदसौर-सागर में ओले गिरे

इधर मप्र में बीती रात मंदसौर के गरोठ और शामगढ़ में ओले गिरे। सागर के ग्रामीण इलाकों में भी देर रात बारिश के साथ ओले गिरे। जैसीनगर क्षेत्र के कंदेला में इनका आकार बेर के बराबर था।

गौरझामर में भी बारिश हुई। सागर में तडके 5 बजे के बीच हल्की बारिश हुई। अब धूप-छांव का दौर जारी है। डिडौरी, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, उमरिया समेत कई शहरों में बारिश हुई। भोपाल में दोपहर तक बादल छाए रहे। बदले मौसम की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है।



**बिजली गिरने से मौत:** राजगढ़ जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम मैनाखेड़ी निवासी बीरम सोंधिया के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह जीरापुर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज आठ जिलों में आज बारिश

बीती रात तेज अंधड व बूंदाबांदी के बाद आज भी भोपाल समेत आसपास शाम तक फिर मौसम बिगडने का अनुमान है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से खरगोन, खंडवा, हरदा और बैतूल में आज ओले भी गिर सकते हैं। ग्वालियर-जबलपुर समेत आधे एमपी में आंधी और हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, श्योपुर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, निवा?ी, टीकमग?, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, पन्ना, कटनी, दमोह, सागर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, रायसेन, नर्मदापुरम, सीहोर में गरज-चमक और हल्की बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है।




**भोपाल।** श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के महिला प्रकोष्ठ/मंडल का गणगौर चल समारोह नथमल धर्मशाला, लखेरापुरा से शारदा कड़ेल तथा दीपाली सोनी के संयोजन में प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुवे नथमल धर्मशाला में चल समारोह का समापन हुआ।




**भोपाल।** भोपाल के आईएसबीटी बस स्टैंड के सामने बड़ी बसों के कारण सड़कों पर रोज लगता है जाम वाहन चालक होते परेशान है। लोगों का कहना है कि यहां जाम लगना अब तो आम बात हो गई है।

### मेट्रो का कमर्शियल रन इसी साल अगस्त में करने का दावा, करोद क्षेत्र में जमीन सबसे महंगी

# मेट्रो लाइन के किनारे जमीन की दरें 13 हजार रुपए से 40 हजार रुपए वर्गमीटर तक तय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो लाइन के किनारे जमीन की दरें प्रस्तावित गाइडलाइन में 13 हजार रुपए वर्गमीटर से 40 हजार रुपए वर्गमीटर तक तय की है। आपको मेट्रो लाइन के किनारे रहना है तो अपनी वित्तीय क्षमता के अनुसार तय करें कि कहां जमीन आपको सस्ती मिलेगी। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में सबसे महंगी जमीन करोद क्षेत्र में है। गौरतलब है कि मेट्रो की पहली ओरेंज लाइन एम्स से करोद तक बिछाई जा रही है। करीब 14 किमी लंबाई के ट्रैक पर मेट्रो का ट्रायल हो चुका है। गाइडलाइन की दरों पर 19 मार्च तक कलेक्ट्रेट कार्यालय या पंजीयन भवन या फिर ऑनलाइन आपत्ति कर सकते हैं।

हाउसिंग बोर्ड के सबसे महत्वाकांक्षी और वीवीआइपी प्रोजेक्ट तुलसी ग्रीन के निर्मित क्षेत्र की रजिस्ट्री के 71 हजार वर्गमीटर के दर से होगी। इसमें करीब 20 हजार रुपए वर्गमीटर की बढ़ोतरी की गई है।

जिला प्रशासन ने मेट्रो के लिए रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर छह की ओर इरानी डेरे को लगभग हटा दिया है। पूरा बाजार हटाया जा चुका है, लेकिन गाइडलाइन में इसकी दर तय है। इरानी डेरा मार्केट के पीछे वाले हिस्से में आवासीय प्लॉट के लिए 10 हजार रुपए वर्गमीटर तो बने हुए



आवासीय मकान के लिए 23 हजार वर्गमीटर की कीमत तय की है। यहां एक हेक्टेयर जमीन की दर 7.60 करोड रुपए तय की। प्रदेश की पहली सीसी सिक्सलेन कोलार मुख्यमार्ग पर अब प्लॉट 50 हजार रुपए वर्गमीटर तो आवासीय निर्मित मकान 63 हजार वर्गमीटर कीमत का है।

टीटी नगर के स्मार्टसिटी प्रोजेक्ट में प्लॉट की दर यथावत 72 हजार वर्गमीटर रखी है, जबकि निर्मित भवन की कीमत 1.08 लाख रुपए है। व्यवसायिक प्लॉट 85 हजार रुपए वर्गमीटर ही रखा गया। लैंड पुलिंग विवाद में उलझे बीडीए के मिसरोद बर्रई में आवासीय प्लॉट के लिए 25 हजार रुपए जबकि निर्मित आवासीय भवन की कीमत 38 हजार रुपए प्रतिवर्गमीटर है। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत एम्स से करोद तक 14 किमी में लाइन तय है, लेकिन लाइन से 50 मीटर दायरे में जमीन की कीमत सिर्फ शहर के पुराने हिस्से वाली लाइन पर ही तय की गई। सुभाष ब्रिज, केंद्रीय विद्यालय, एमपी नगर, रानी कमलापति से लेकर अल्कापुरी, एम्स तक अलग से कोई दर तय नहीं की। रोड किनारे वाली दर ही इसमें लागू करना तय किया है। आपत्ति की प्रक्रिया पूरी करने के बाद केंद्रीय मूल्यांकन समिति ही अंतिम मंजूरी देगी।

#### ऐसे समझें मेट्रो लाइन किनारे तय दर

- मेट्रो मार्ग करोद 40 हजार-53 हजार 20 करोड़
- वार्ड 17 सिंधी कॉलोनी 33 हजार 16 करोड़
- वार्ड 15 बैरसिया रोड 28 हजार 10.60 करोड़
- वार्ड 14 शाहजहांनाबाद 23 हजार 6.40 करोड़
- वार्ड 13 डीआइजी बंगला 17.60 करोड़
- वार्ड 35 जहांगीराबाद 26.40 करोड़

*नोट- कीमत प्रति वर्गमीटर में।*

## बीयू : अनियमितताओं के विरोध में एबीवीपी ने किया 3 घंटे तक प्रदर्शन

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में अनियमितताओं और मूलभूत सुविधाओं की कमी के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब 3 घंटे तक विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को कुलपति के समक्ष रखा। प्रदर्शन के बाद कुलपति को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। अभाविप ने अपने ज्ञापन में विश्वविद्यालय में जारी अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें प्रमुख रूप से परीक्षा और परिणामों में देरी, मूलभूत सुविधाओं की कमी,



प्रयोगशालाओं की दयनीय स्थिति, छात्र सुविधाओं की अनदेखी, विभागों और छात्रावासों की जर्जर स्थिति, निःशुल्क बैटरी रिक्शा सुविधा का अभाव, तथा गर्ल्स क्रिकेट टीम को आर्थिक सहायता न मिलना शामिल हैं।

**समाधान नहीं किया गया, तो होगा उग्र आंदोलनः** महानगर मंत्री शिवम् जाट ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। अभविप छात्रों के अधिकारों और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करती रहेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना चाहिए ताकि छात्रों की शिक्षा और भविष्य सुरक्षित रह सके। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष दिवाकर शुक्ला ने कहा कि यह आंदोलन छात्रों के अधिकारों और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक था। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील की कि वह छात्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें, ताकि उनकी शिक्षा और भविष्य बाधित न हो।

## गंदगी और सुरक्षा को लेकर कॉलोनीवासी परेशान, बीडीए सीईओ से मांगी रिपोर्ट

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के वार्ड 83 में आने वाले बीडीए कॉलोनी प्यारेलाल खंडेलवाल परिसर में साफ-सफाई नहीं होने के कारण वहा रहने वाले लोगों को गंदगी में जीवन यापन करने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि फ्लैटों के बाजू में इतना कचरा जमा है कि रहवासियों का रहना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी में 1100 से ज्यादा फ्लैट बने हुये है, यहां पर अव्यवस्थाएं होने से एवं सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से लोगों को परेशान होना प? रहा है। मामले में आयोग ने सीईओ, भोपाल विकास प्राधिकरण को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### फुटपाथ पर खुले पड़े चौंबर, हादसे होने का खतरा

भोपाल जिले के पुलिस कंट्रोल रूम से लिली टॉकीज चौराहे की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने फुटपाथ पर डक्ट के चौंबरों के खुले पड़े होने का मामला सामने आया है। खुले चौंबरों के कारण पैदल चलने वालों के लिये खतरा बना हुआ है। प्रशासन द्वारा अब तक इन चौंबरों को बंद करने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर प्रतिवेदन मांगा है।

### 12 और 13 अप्रैल को सुंदरवन में होगा आयोजित, तारक मेहता का उल्टा चश्मा की टप्पू सेना आएगी नजर

# सिंधी उत्सव का 28 वां साल, सिंधियत का बिखरेगा रंग

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिन्धी मेला समिति द्वारा 12 एवं 13 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिन्धी मेले का आयोजन किया जाएगा। यह समिति के आयोजन का 28वां वर्ष है। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत की गई। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी व महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि बैठक में आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां का बंटवारा किया। इस वर्ष मेले में तारक मेहता उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना गोली, गोगी एवं टप्पू को नजर आएगी। साथ ही हिंदुस्तान में अपनी कला के दम पर अपनी अलग पहचान बना चुकी देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकॉक) को भी सुनने का मौका मिलेगा। सिम्फ़ोनी बैंड ( शुभम नाथानी) की प्रस्तुति खास होगी। इस वर्ष यह पारिवारिक मेला सिन्धी सभ्यता सुहिणी सभ्यता का प्रतीत होगा, जिसमें सिन्धियत के अनेक रंगो को दर्शाया जायेगा।




**बहिराणा साहिब के साथ होगा आगाज :** मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल के बहिरणा साहिब व दीप प्रज्ज्वलन के साथ की जायेगी, साथ ही गीत संगीत मनोरंजन के लिए भी कई कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलो के साथ साथ ऊठ और घोड़ों की सवारी, सिन्धी फन क्विज, म्यूजिकल चेयर रेस और छेज (सिन्धी डांडिया) की भी विशेष प्रस्तुति होगी।साथ ही विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। सिन्धी व्यंजनों के स्टाल मेले का आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

**सम्मान एवं पुरस्कारः** सिन्धी मेले में वरिष्ठ समाजसेवी श्री उत्तमचंद ईसरानी, श्री दादा गोविंदराम बतरा, श्री शौकत राय कटारिया और श्री काका कीमत राय नागदेव की स्मृति में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाज सेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चेटीचंड पर आयोजित झूलेलाल शोभायात्रा में सम्मिलित झांकियों में से श्रेष्ठ झांकियों को सिन्धी सेंट्रल पंचायत द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा शान ए सिंधयित, ओल्ड इज गोल्ड, लकी फैमिली ऑफ द ईव जैसे पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा। इस आयोजन के लिए किरण वाधवानी को संयोजिका व मोहन देवरख्यानी, महेश नगरानी को सह संयोजक के रूप में मनोनीत किया है।

**यह मौजूद रहे :** बैठक में प्रमुख रूप से विधायक एवं सिन्धी मेला समिति के संरक्षक भगवानदास सबनानी, के.एल. दलवानी, घनश्याम पंजवानी, वासु गोलानी, जयपाल सचदेव, अमर दावानी, तरुण मूलचंदानी, अशोक माटा सहित समाज के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल हुई। साथ ही विभिन्न मोहल्ला पंचायतों के पदाधिकारी भी इस मीटिंग में शामिल हुए।

**मेट्रो एंकर**

### यूरोलॉजी शिविरः मरीजों की जुबानी - सफलता की कहानियां

# मरीज बोले, सेवा और इलाज हमेशा रहेगा याद

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में हाल ही में 100वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर का समापन हुआ, जिसमें खास बात यह दिखी थी कि शिविर में पहले अधिकतम निर्धन लोग आया करते थे। लेकिन, इस बार निर्धन परिवार के रोगियों के साथ-साथ ऐसे लोग जिनके पास आयुष्मान कार्ड हैं अथवा जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर नहीं हैं वे लोग भी ऑपरेशन करवाने आए।

### अजय भगत की कहानी



अजय भगत, 44 वर्ष, महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में एक स्टील कंपनी में परियोजना प्रबंधक हैं। उन्होंने यहाँ प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया। उन्होंने बताया कि उनके मामा भोपाल में रहते हैं और उन्होंने उन्हें संतनगर में पिछले 31 वर्षों से चल रहे यूरोलॉजी शिविर के बारे में बताया था। अजय कोल्हापुर से संतनगर शिविर में अपना ऑपरेशन करवाने आए। उन्होंने कहा, ÷मैंने शिविर के बारे में बहुत सुना था और यहाँ आकर मुझे पता चला कि यह मेरी उम्मीदों से भी बेहतर है। डॉक्टरों ने मेरा बहुत अच्छे से इलाज किया और मैं अब पूरी तरह से ठीक हूँ।

### चैन कुमारी जैन का अनुभव



संतनगर निवासी चैन कुमारी जैन, 73 वर्ष, दीपावली की सफाई के दौरान स्टूल से गिर गई थीं। उन्हें बाईं टांग के ऊपर पेट में चोट लगी थी। उसी दौरान उन्होंने एक्स-रे करवाया तो पता चला कि उनकी बाईं टांग के ऊपर पेट की तरफ एक आधा किलो का फाइब्रॉएड है, जो दर्द रहित था। लेकिन चोट लगने के बाद वहाँ दर्द होने लगा। इसके बावजूद, उन्होंने तीन महीने तक दर्द सहा क्योंकि उन्हें पता था कि 3 महीने बाद यहाँ मुफ्त यूरोलॉजी शिविर लगेगा। उन्होंने कहा, मुझे यहां के डॉक्टरों पर पूरा भरोसा था और मैं जानती थी कि वे मेरा अच्छे से इलाज करेंगे। यहाँ का स्टाफ भी बहुत मददगार और दयालु है।

### खत्री और राठौर की आपबीती



शुजालपुर निवासी देवी लाल खत्री, 65 वर्ष, और सीहोर निवासी दुर्गाशरण राठौर को लंबे समय से प्रोस्टेट (बार-बार पेशाब आना) की समस्या थी। वे मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी है। इन मरीजों ने कहा कि उनकी सर्जरी यहाँ सफल रही। देवी लाल खत्री ने कहा, ÷मैं पिछले कई सालों से इस समस्या से जूझ रहा था और अब मैं बहुत राहत महसूस कर रहा हूँ।÷ दुर्गाशरण राठौर ने शिविर के डॉक्टरों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होंने उनकी बहुत अच्छी देखभाल की।

### खालिद खान की कहानी



शुजालपुर निवासी खालिद खान, 52 वर्ष, एक मजदूर थे, लेकिन उन्होंने पिछले 5 वर्षों से पथरी के दर्द के कारण यह काम छोड़ दिया था। वह लंबे समय से पथरी की बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने बताया कि उन्हें सेवा सदन में लगने वाले निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर के बारे में पता चला था। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी है, फिर भी उन्हें सेवा सदन पर भरोसा है कि उनका इलाज यहाँ ठीक से होगा। खालिद खान ने कहा, ÷मैं बहुत गरीब हूँ और मेरे पास महंगे इलाज के लिए पैसे नहीं थे। यह शिविर मेरे लिए एक आशीर्वाद था और मैं सेवा सदन का हमेशा आभारी रहूंगा।

**शिविर में किए गए ऑपरेशनः** पथरी 18, प्रोस्टेट 14, हाइड्रोसिल 02, सिस्टोस्कोपी और डीवीआईयू 8, ब्लैडर स्टोन और यूरेथ्रल स्ट्रक्चर 3, खतना 4, हर्निया 18, लैप चोल 2 और अन्य ऑपरेशन÷ 01.

## चेटीचंड महोत्सव का समापन

**हिरदाराम नगर.** सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति व सहयोगी संस्था स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट सिंधु जाग्रति सेवा समिति द्वारा चैतीचांद के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में विकास एण्ड प्रिया म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रियंका केसवानी (मुम्बई), प्रिया ज्ञानचंदानी (नागपुर) व विकास उदासी (रीवा) ने दी रंगारंग प्रस्तुति। साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर सिंधी सांस्कृतिक संध्या के साथ साथ सिंधी मेले का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सिंधी व्यंजन के स्टाल, साउथ इंडियन के स्टाल व बच्चों के लिए झूले लगाए गए थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा, अध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी व विशेष अतिथि पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, भाजपा नेता राम बसंल ने परंपरागत तरीके से कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक शर्मा ने कहा कि विगत 7 दिनों से सिंधी समाज का पर्व चेतीचांद बडी धूमधाम से मनाया जा रहा है। संतनगर के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। शीघ्र ही दो फ्लाई ओवर की सौगात संतनगर को मिलेगी। सीवेज लाइन का भी कार्य शुरु होने वाला है। इसके बाद संतनगर की स?कों का डामरीकरण होगा। कार्यक्रम में भगवान झूलेलालजी के गीतों पर अतिथि भी थिरके। कलाकार विकास उदासी, प्रिया ज्ञानचंदानी व प्रियंका केसवानी ने सिंधी गीत पैसो आ पैसो आ पैसो आ, हथ मथे करें व लाल मुंहिजी पत पर अपनी प्रस्तुति दी। कशिश डांस ग्रुप द्वारा सिंधी गीतों पर डांस पेश की गयी। नेन्सी भावनानी ने एकंरिग का संचालन किया। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, नरेश चोटरानी, रमेश वाधवानी, सुरेश चोटरानी, घनश्याम लालवानी, आसनदास वाधवानी, दयाल सतानी, महेश खटवानी, हरीश वलेचा, मुरली गुरबानी, मनोहर सतानी, अनिल टेकचंदानी, दिलीप दीनानी, कमलेश छुगानी, कन्हैया नागदेव ने किया।



# भाजपा व कांग्रेस शासित राज्यों ने घटाए बिजली के दाम, मप्र में आया जनता पर भार

## बजट में कहा था जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाएंगे, लेकिन बिजली के दाम जरूर बढ़ा दिए

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राज्य सरकार ने विधानसभा के अंदर दावे किए थे कि जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाएंगे, लेकिन चंद दिनों के भीतर बिजली के दाम 18 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ाकर डेढ़ करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं पर भार डाल दिया।

यह टैक्स तो नहीं है लेकिन जनता की जेब से हर महीने बिजली बिल के नाम पर अधिक रुपए जरुर निकल जाएंगे।

बिजली की ये दरें इसी सप्ताह लागू होनी है, जिसके रुपए अगले महीने के बिजली बिलों में जुड़कर आएंगे।

जबकि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र ने बिजली के दाम घटाए है। यह भाजपा, शिवसेना गुट, एनसीपी गुट की सरकार है। महाराष्ट्र ने विभिन्न टैरिफ में 10 पैसे लेकर 2 रुपए तक की कटौती की है, यानी उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली 10 पैसे से लेकर 2 रुपए तक सस्ती पड़नी है। वहीं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने भी जनता पर बोझ घटा दिया है।




| यूनिट | पुराना टैरिफ | नया टैरिफ | स्लैब में बढ़ोतरी | प्रति यूनिट में बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|---|
| 0-50 | 4.27 | 4.45 | 5.6 प्रतिशत | 18 पैसे |
| 51-150 | 5.23 | 5.49 | 4.9 प्रतिशत | 26 पैसे |
| 151-300 | 6.61 | 6.79 | 2.7 प्रतिशत | 18 पैसे |
| 300 से अधिक | 6.80 | 6.98 | 2.6 प्रतिशत | 18 पैसे |

### कंपनियों ने टैरिफ में 7.52 फीसद की बढ़ोतरी का दिया था प्रस्ताव

#### विद्युत नियामक आयोग ने नहीं माना, केवल 3.46 फीसद ही बढ़ाया टैरिफ

प्रदेश की बिजली कंपनियों ने बिजली टैरिफ में 7.52 फीसद की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था लेकिन विद्युत नियामक आयोग ने 3.48 फीसद की ही बढ़ोतरी की। इस अनुसार महीने में 50 यूनिट तक बिजली जलाने वालों को 18 पैसे प्रति यूनिट अधिक चुकाने होंगे, जबकि 150 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिजली 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी पड़ेगी। वहीं जिनकी खपत महीने में 300 यूनिट या उससे अधिक हैं, उन्हें भी प्रति यूनिट 18 पैसे अधिक देने होंगे।

### 58 हजार करोड़ के घाटे का दिया हवाला

कंपनियों ने आयोग के सामने टैरिफ बढ़ाने के पीछे 58 हजार करोड़ रुपए के घाटे का कारण रखा था। कहा था कि चालू वित्तीय वर्ष में करीब 4107 करोड़ का नुकसान होगा, इस तरह अभी तक कुल 58 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है, इसलिए बिजली के दाम बढ़ाना जरुरी है। अब इसका विरोध हो रहा है, उर्जा मामलों के जानकारों का कहना है कि बिजली कंपनियां घाटे का काम कर उसकी भरवाई उपभोक्ताओं से करवा रही हैं।




# सौरभ शर्मा को जमानत मिलने पर उलझी कांग्रेस व भाजपा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मध्यप्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सौरभ शर्मा पर छापों का मामला लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत का ताजा उदाहरण बनकर सामने आया है। पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ के पास से करोड़ों रुपये की अघोषित संपत्ति, 52 किलोग्राम सोना और 11 करो? से अधिक की नकदी बरामद हुई थी, मगर लोकायुक्त पुलिस की लापरवाही के चलते विशेष लोकायुक्त अदालत से जमानत मिल गई। पार्टी प्रवक्ता मुकेश नायक व रवि सक्सेना, भूपेंद्र गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निर्धारित 60 दिनों में चालान पेश न कर पाने की यह नाकामी कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। मामले की जांच के दौरान लोकायुक्त डीजी जयदीप प्रसाद का अचानक ट्रांसफर इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि सरकार इस मामले को दबाने में जुटी है। नायक ने कहा कि मप्र में लोकायुक्त और सरकार मिलीभगत से भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का सिलसिला लंबे समय से जारी है। ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि लोकायुक्त जैसी भ्रष्ट और औचित्यहीन संस्था को बंद कर दिया जाए।

इधर भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी के नेता विभिन्न आर्थिक अपराधों में स्वयं न्यायालय से जमानत पर बाहर हों और जांच एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हों, वे न्यायालय के आदेश का मखौल उ?ाकर अवमानना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचिरियों पर सभी कार्रवाई भाजपा की डबल इंजन सरकार ही कर रही है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार करने वालों को उनके अपराधों की सजा दिलाकर रहेगी।

# प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अब करियर काउंसलिंग की सुविधा

## आगे पढ़ाई निरंतर नहीं करने वाले विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा से भी जोड़ा जाएगा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं।



उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है। योजनाओं में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना शामिल हैं।

# स्कूल में भविष्य से भेंट, शिक्षक बने कलेक्टर व सीएमएचओ ने बच्चों के साथ किया संवाद

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के स्कूलों में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत स्कूल चलें हम अभियान के रूप में हो चुकी है। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत राजधानी भोपाल में कलेक्टर, सीएमएचओ, डीईओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी स्कूलों में पहुंचे और बच्चों के साथ संवाद किया। इस दौरान बच्चों को पढ़ाया भी। भोपाल में भी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार टीटी नगर स्थित सीएम राइज कमला नेहरू कन्या उमा विद्यालय पहुंचे। यहां कलेक्टर को अपने बीच में पाकर बच्चे भी खुश हुए और उन्होंने कौशलेंद्र विक्रम सिंह से कई सवाल पूछे। जिसका कलेक्टर ने बेबाकी से जबाव दिया। इस दौरान करीब ढाई घंटे कलेक्टर बच्चों के बीच मौजूद रहे।

वहीं शासकीय हाई स्कूल बालमपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने स्कूली बच्चों के साथ पाठ्यक्रम एवं स्वास्थ्य विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन से साप्ताहिक आयरन सप्लीमेंटेशन प्रोग्राम, डिवर्मिंग, कार्यक्रम नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी भी ली। बरखेड़ी स्थित शास. उमावि सीएम राइज में उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ मथुरा प्रसाद, प्रोफेसर अशोक शर्मा, भोपाल डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल स्कूल पहुंचे और विद्यार्थियों का कैरियर मार्गदर्शन किया।



### प्रत्येक कक्षा में मेंटर नियुक्ति के निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार को निर्देशित किया कि जो भी स्कालरशिप बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जा रही है, उसका एक चार्ट स्कूल में लगाया जाए. जिससे बच्चों को इसकी जानकारी मिल सके। इसके साथ ही स्कूल की प्राचार्या को प्रत्येक कक्षा में एक संवेदनशील शिक्षक को मेंटर के रुप में नियुक्त करने के निर्देश भी दिए।



# पेंशनरों ने केंद्र के समान देय तिथि से डीआर मांगा, पिछला हिसाब भी करें सरकार

भोपाल. दोपहर मेट्रो।


पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मप्र के पेंशनर्स को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई राहत भुगतान करने की मांग की है। एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव, वित्त को लिखे पत्र में जुलाई 2024 से 3 फीसद एवं जनवरी 2025 से 2 फीसदी महंगाई राहत के आदेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है । सक्सेना ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा तय मानक नीति के विरुद्ध राज्य शासन लगातार अवधि में कटौती कर रही है, जो संवैधानिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं है । एसोसिएशन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी ने कहा की मुद्रास्फीति के कारण पेंशन के वास्तविक मूल्य में आई गिरावट की पूर्ति महंगाई राहत देकर की जाती है किंतु सरकार के द्वारा देय तिथि से डी आर का भुगतान नहींकर रही है। शासन को वृद्ध पेंशनरों को महंगाई राहत देने के भेदभाव रहित आदेश शीघ्र जारी करना चाहिए ए। महंगाई राहत अवधि में की गई कटौती के भी एरियर्स भुगतान आदेश जारी किए जाएं ।

**मेट्रो एंकर** | बेहतर काम कर रहे स्टार्टअप

# एसटीपीआई समर्थित 72 स्टार्टअप ने 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सरकारी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया - एसटीपीआई के समर्थन से मध्यप्रदेश में आईटी सेक्टर में स्टार्टअप सामने आ रहे है। जानकारी के अनुसार एसटीपीआई समर्थित 72 स्टार्टअप ने निवेशकों से 9 करोड़ रुपये से अधिक रुपये जुटाए हैं। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ़ इंडिया (एसटीपीआई) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार, भोपाल से देश के अनेक हिस्सों से लगभग 72 स्टार्ट-अप भौतिक और वर्चुअल रूप से जुड़े हुए हैं। इन स्टार्ट-अप द्वारा बाहरी निवेशकों से जुटाई गई फंडिंग लगभग - 937.6 लाख रुपये है जबकि सीड फंडिंग द्वारा प्रोत्साहित किए गए 15 स्टार्ट-अप हैं । इन स्टार्ट-अप को वितरित की गई सीड फंड की राशि - 3.2 करोड़ रुपये है। 24 स्टार्ट-अप को राशि - 21.6 लाख रुपये स्टाइपेंड के रूप में दी गई है। सीएम मोहन यादव का कहना है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और मध्यप्रदेश सरकार की स्टार्टअप, एमएसएमई, आईटी की नई नीतियों का परिणाम है कि राज्य से संचालित स्टार्टअप उभरकर सामने आ रहे हैं और अच्छा काम भी कर रहे हैं।




उल्लेखीनय है कि सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ़ इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक प्रमुख साइंस एवं टेक्नोलॉजी संगठन है, जो इन्टरनेट ऑ? थिंग्स ब्लॉकचेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन, रोबोटिक्स, रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन, ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रियलिटी, एनिमेशन एंड विजुअल इफेक्ट, गेमिंग के लिए विभिन्न डोमेन के लिए डेटा साइंस एंड एनालिटिक्स, फिनटेक, एग्रीटेक, मेडटेक, ऑटोनॉमस कनेक्टेड इलेक्ट्रिक एंड शेयर्ड (एसीईएस) मोबिलिटी, ईएसडीएम, साइबर सिक्योरिटी, इंडस्ट्री 4.0, ड्रोन, एफिशिएंसी ऑगमेंटेशन आदि जैसे उभरती हुई तकनीकों के क्षेत्र में आईटी,आईटीईस, उद्योग, नवाचार, रिसर्च एवं डेवलपमेंट, स्टार्ट-अप्स, उत्पाद, आईपी निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत है ।

एसटीपीआई के महानिदेशक अरविंद कुमार ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की नेक्स्ट जेनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (एनजीआईएस) के तहत गठित संगठन ने 136 स्टार्टअप को 30.87 करोड़ रुपये की शुरुआती चरण की पूंजी दी है। 359 अन्य को 3.57 करोड़ रुपये की स्टाइपेंड राशि के माध्यम से वित्तीय रूप से प्रोत्साहित किया है।



## संपादकीय

# कई चुनौतियों वाला दौर

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी स्थापना के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। देश के इस केंद्रीय बैंक की भूमिका इन दिनों और भी महत्वपूर्ण हो चली है क्योंकि अमेरिकी व्यापार नीति की धुंध ने दुनिया भर में अनिश्चितता बढ़ा रखी है। ऐसे में बाहरी मोर्चे पर जोखिम बड़ा रहेगा। भारत का चालू खाते का घाटा कम रहने की उम्मीद है लेकिन वैश्विक अनिश्चितता पूंजी की आवक को प्रभावित कर सकती है। रिजर्व बैंक के पास अस्थिरता से निपटने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है मगर यह स्पष्ट नहीं है कि अनिश्चितता कितनी लंबी चलेगी और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की क्या शक्ल बनेगी। रिजर्व बैंक को भी सावधान रहना होगा। उसे अल्पावधि की अस्थिरता और दीर्घकालिक बुनियादी बदलावों में भेद करना होगा। शिकायत यह भी है कि रिजर्व बैंक रुपये की कीमत अधिक रख रहा है, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल में लिखा है कि बैंक भविष्य की तैयारी कैसे करता है। देश के केंद्रीय बैंक के सफर के इस अहम पड़ाव हमें उन चुनौतियों पर चर्चा करने का मौका देता है, जो आगे उसके सामने आ सकती हैं। देश की अर्थव्यवस्था का आकार भी बीते कुछ दशकों में बहुत अधिक बदला है क्योंकि इस दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ उसका जुड़ाव भी बढ़ा है। सच कहें तो रिजर्व बैंक ने तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से खुद को बेहतर तरीके से ढाला है। आधुनिक अर्थव्यवस्था में यदा कदा होने वाले सामान्य मतभेदों को छो? दिया जाए तो सरकार ने भी केंद्रीय बैंक का पूरा समर्थन किया है। उदाहरण के लिए सरकार ने 2016 में रिजर्व बैंक अधिनियम में संशोधन किया ताकि मुद्रास्फीति को साधने में लचीला रुख रहे। यह भारत के हित में साबित हुआ है। अमेरिकी रूख के अलावा देश में महंगाई काबू में रखना केंद्रीय बैंक के लिए दूसरी बड़ी चुनौती होगी। इस साल खुदरा मुद्रास्फीति नीचे आने की उम्मीद है, जिससे मौद्रिक सहजता बढ़ाने की गुंजाइश बनेगी। मगर मध्यम अवधि का नजरिया बताता है कि पिछले कुछ वर्षों में खाद्य महंगाई के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी है। मौसम पर जलवायु परिवर्तन का बढ़ता असर कृषि उपज और कीमतों को अस्थिर कर सकता है। मौद्रिक नीति समिति को आने वाले वर्षों में खाद्य कीमतों के ऐसे झटकों पर अधिक प्रतिक्रिया देनी पड़ सकती है, जिसका असर वृद्धि पर भी प? सकता है। ऐसे में अपने तय अधिकार के साथ संतुलन बनाना चुनौती भरा हो सकता है। रिजर्व बैंक को नियमन और पर्यवेक्षण में भी खुद को ढालना होगा। निजी बैंकों के हालिया घटनाक्रम उसके लिए और भी पारदर्शिता की जरूरत बता चुके हैं। नियुक्तियों को मंजूरी देते समय उसे बताना होगा कि बोर्ड की सिफारिशों से वह असहमत क्यों है और कम समय के लिए सेवा विस्तार क्यों दे रहा है। नियुक्तियों को रिजर्व बैंक की मंजूरी से ग?बड़ियों की आशंका समाप्त नहीं होती। उसे बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं की निगरानी में सुधार पर ध्यान देने की जरूरत हो सकती है। आने वाले वर्षों में रिजर्व बैंक को बढ़ते डिजिटलीकरण की चुनौतियों से भी निपटना होगा। डिजिटलीकरण ने वित्तीय समावेशन और सेवा गुणवत्ता बढ़ाई है मगर जोखिम भी ब?ा है। आसानी से ॠण मिलने के कारण परिवारों पर कर्ज बढ़ सकता है। कमजोर परिवारों के साथ ऐसा ज्यादा हो सकता है। बढ़ते डिजिटलीकरण का एक अर्थ निरंतर बैंकिंग भी है और व्यवस्था में कोई भी खामी वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम बन सकती है। रिजर्व बैंक इन सभी चुनौतियों से बाखबर ही होगा और उम्मीद है कि वह बेहतर तैयारी भी रखकर आगे बढ रहा होगा।

**मूर्ख स्वयं को बुद्धिमान समझते हैं, किन्तु वास्तविक बुद्धिमान स्वयं को मूर्ख ही समझते हैं।**

**- शेक्सपीयर**

## आज का इतिहास

- 1716-रूस और प्रशिया की सेनाओं ने उत्तर जर्मनी के विस्मार पर कब्जा किया।
- 1721-रॉबर्ट वाल्पोल ग्रेट ब्रिटेन के पहले पीएम बने।
- 1818-अमेरिकी संसद में राष्ट्रीय ध्वज में लाल रंग की 13 पट्टी और 20 स्टार रखने का फैसला लिया गया।
- 1857-एंग्लो और फ़ारसी युद्ध समाप्त हुआ।
- 1873-यूनाइटेड किंगडम में दुनिया का पहला केनेल क्लब स्थापना।
- 1887-सुसाना मेडोरा साल्टर पहली अमेरिका में महिला महापौर बनी।
- 1889-मशहूर हिन्दी कवि, लेखक, नाटककार एवं पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी का मध्यप्रदेश में जन्म।
- 1905-हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में भूकंप से 20000 लोगों की मौत।
- 1909-फुटबॉल टीम स्पोर्ट क्लब इंटरनेशनल पोर्टो एलेग्रे ब्राजील में स्थापित किया।
- 1910-दार्शनिक श्री अरविन्दो पांडिचेरी (अब पुड्डुचेरी) पहुंचे जहां उन्होंने योग और आध्यात्मिक केन्द्र खोला।
- 1916-अमेरिकी सीनेट ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की।
- 1929-ब्यूजु में रोमानिया के नजदीक एक रेलगाड़ी के पटरी से उतरी, 20 लोग मारे गए और 59 घायल हुए।
- 1932-वैजिस्लाव मरिन्कोविक यूगोस्लाविया के प्रधानमंत्री बने।
- 1946-स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोपा का निधन।

1949-भारतीय अभिनेत्री परवीन बॉबी का जन्म।

- 1949-उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना हुई।
- 1960-अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की।

## निशाना

### हम भी करें प्रहार !



-कृष्णेन्द्र राय

**दो हमको अधिकार।**
**लड़नी और लड़ाई ।।**
**करते आए, करना है।**
**आप की भलाई ।।**
**दे दो इतनी सीटें।**
**हम भी करें प्रहार ।।**
**और प्यार बरसा कर।**
**पहनाओ फिर हार ।।**
**डाल रहे वो बाधा।**
**करते जो भी काम ।।**
**वादा है निभाया।**
**किए जो तमाम ।।**
**ना रूकना है हमको।**
**यूं ही चलते जाना ।।**
**भले पूर्व में हमने।**
**है भरा हर्जाना ।।**

# अंतरिक्ष मिशनों के लिए नए ऊर्जा विकल्प

■ **डॉ. शशांक द्विवेदी**

अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स को निर्बाध ऊर्जा प्रदान करने में कई चुनौतियां होती हैं। अधिकतर सेटेलाइट्स सौर पैनलों से ऊर्जा प्राप्त करते हैं, लेकिन जब वे पृथ्वी की छाया में आते हैं (जैसे जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में), तो उन्हें ऊर्जा नहीं मिल पाती। यह समस्या पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाले लो-अर्थ ऑर्बिट सेटेलाइट्स में अधिक होती है, क्योंकि वे बार-बार छाया में आते हैं। अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स की उम्र बढ़ाने, उन्हें निर्बाध ऊर्जा प्रदान करने, उनके भार में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान करने के उद्देश्य से विज्ञानी अब कोल्ड फ्यूजन तकनीक पर काम कर रहे हैं। हैदराबाद स्थित स्टार्ट-अप 'हाइलेनर टेक्नोलॉजीज' जल्द ही अंतरिक्ष में बिजली उत्पन्न करने के लिए इस तकनीक का प्रदर्शन करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य पृथ्वी की कक्षा में सेटेलाइट्स के जीवन को बढ़ाना और उनका वजन कम करना है। साथ ही अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन को सक्षम बनाने और अन्य ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने का इसका उद्देश्य है।

कोल्ड फ्यूजन तकनीक, जिसे सामान्यतः 'लो-एनर्जी न्यूक्लियर रिएक्शन' के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी अवधारणा है जो परमाणु संलयन को कम तापमान और दबाव पर संभव बनाने का दावा करती है। अगर यह तकनीक व्यावहारिक रूप से लागू हो सके, तो यह सैटेलाइट्स के लिए ऊर्जा उत्पादन में क्रांति ला सकती है। वर्तमान में सैटेलाइट्स मुख्य रूप से सौर ऊर्जा या रेडियोएक्टिव थर्मल जनरेटर पर निर्भर करते हैं, लेकिन इनकी सीमाएं हैं—सौर पैनल सूरज की रोशनी पर निर्भर करते हैं और आरटीजीएस की ऊर्जा धीरे-धीरे कम होती जाती है। कोल्ड फ्यूजन के जरिए अगर एक छोटा, हल्का और लंबे समय तक चलने वाला ऊर्जा स्रोत बनाया जा सके, तो सैटेलाइट्स का जीवनकाल बढ़ सकता है। यह तकनीक ईंधन की जरूरत को कम कर सकती है और अंतरिक्ष मिशनों को अधिक कुशल बना सकती है।

कोल्ड फ्यूज़न का विचार पहली बार 1989 में वैज्ञानिकों मार्टिन फ्लाइशमैन और स्टैनली पॉन्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने एक साधारण प्रयोगशाला प्रयोग में ड्यूटेरियम (हाइड्रोजन का एक समस्थानिक) को पैलेडियम धातु में संलयन करके अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न की। हालांकि, उनके प्रयोग को दोहराने की कोशिश करने वाले कई वैज्ञानिक असफल रहे, जिसके कारण इस दावे पर संदेह बढ़ गया। पारंपरिक परमाणु संलयन में, हाइड्रोजन के समस्थानिक जैसे ड्यूटेरियम और ट्रिटियम को अत्यधिक उच्च तापमान पर एक साथ लाया जाता है ताकि उनके बीच का कूलम्ब बैरियर पार हो सके। यह बैरियर दो धनात्मक आवेशित नाभिकों के बीच उत्पन्न होने वाली प्रतिकर्षण शक्ति है। कोल्ड फ्यूज़न में, यह प्रक्रिया बिना उच्च तापमान के, सामान्य परिस्थितियों में हो सकती है। हाइलेनर टेक्नोलॉजी ने कम ऊर्जा वाले परमाणु रिएक्टर (एलईएनआर) का परीक्षण करने के लिए एक अन्य नवोदित फर्म टेकमी2स्पेस सेटेलाइट्स के साथ समझौता किया है। एलईएनआर बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन फ्यूजन का उपयोग करता है। कोल्ड फ्यूजन की अनूठी विशेषता यह है कि यह फ्यूजन रिएक्शन के लिए खपत की गई बिजली के मुकाबले अधिक बिजली उत्पन्न करता है।

हाइलेनर टेक्नोलाजीज के संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ दुराइराजन ने बताया, 'प्रत्येक 100 वाट की इनपुट ऊर्जा के लिए एलईएनआर 178 वाट की आउटपुट थर्मल ऊर्जा उत्पन्न करता है।' उनका कहना कि परीक्षण एवं प्रक्षेपण के लिए कंपनी ने स्काईरूट और इसरो के छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) बुक किया है। गौरतलब है कि टेकमी2स्पेस अंतरिक्ष में कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। इसका उपयोग अंतरिक्ष में डाटा केंद्रों को संचालित करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'क्यूबसैट पर ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) बहुत अधिक गर्मी उत्पन्न करते हैं। हम उस गर्मी का दोहन करने और इसे सेटेलाइट में उपयोग करने योग्य ऊर्जा के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन और आफ-ग्रिड बिजली समाधानों के लिए नई संभावनाएं खुल सकती हैं।' टेकमी2स्पेस के अनुसार उनकी कंपनी एलईएनआर सहित कई ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तलाश कर रही है ताकि कंप्यूट-केंद्रित सेटेलाइट्स में गर्मी निष्कर्षण और संभावित पुनः उपयोग के लिए प्रभावी तरीकों का आकलन किया जा सके। हाइलेनर के पास अपनी कम ऊर्जा परमाणु रिएक्टर तकनीक के लिए सरकार से प्राप्त पेटेंट है। यह तकनीक अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए गर्मी पैदा करने, कई अनुप्रयोगों के लिए भाप उत्पादन, वैश्विक स्तर पर ठंडे क्षेत्रों में कमरे को गर्म करने और घरेलू एवं औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए प्रेरण (इंडक्शन) हीटिंग के लिए इनपुट इलेक्ट्रिसिटी में वृद्धि करती है।



**कोल्ड फ्यूजन तकनीक, जिसे सामान्यतः 'लो-एनर्जी न्यूक्लियर रिएक्शन' के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी अवधारणा है जो परमाणु संलयन को कम तापमान और दबाव पर संभव बनाने का दावा करती है। कोल्ड फ्यूज़न का विचार पहली बार 1989 में वैज्ञानिकों मार्टिन फ्लाइशमैन और स्टैनली पॉन्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था**

उल्लेखनीय है कि सौर पैनल, बैटरी और अन्य उपकरणों की मदद से बिजली के उपभोग की वजह से किसी भी सेटेलाइट का भार 40-60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। हाइलेनर का कोल्ड फ्यूजन डिवाइस और टेकमी2स्पेस का आफ-ग्रिड बिजली समाधान अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स को बिजली समाधान प्रदान करने तथा अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन का प्रयास कर रहा है। यदि कोल्ड फ्यूज़न वास्तव में संभव हो सका, तो यह ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक क्रांति ला सकता है, क्योंकि यह स्वच्छ, सस्ता और असीमित ऊर्जा स्रोत प्रदान करेगा।

**(लेखक विज्ञान विषयों के जानकार हैं।)**

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े संकेत

■ **ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका ब?ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।

यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से ब?ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर प?ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट,ऊछत्तीसग? एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं ज? जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे ब?ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जो?कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की 'राष्ट निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका' को रेखांकित करके अपनी '2047 तक विकसित भारत' की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में ÷महत्वपूर्ण भूमिका÷ निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्टभक्ति की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। उसी संघ के आंगन में नरेन्द्र मोदी के जाने पर अलग-अलग कयास लगाने एवं स्तरहीन राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इस पर ज्यादा आश्चर्य भी जताने का कोई औचित्य इसलिये नहीं है कि कोई अपने घर, अपने संस्कार-भूमि एवं अपनी पवित्र पाठशाला में गया है। संघ उनकी राजनीति की आत्मा तो है ही, जीवन-संस्कारदाता भी है। उनका संघ से रिश्ता दशकों पुराना है। नरेन्द्र मोदी के साथ संघ भी हमेशा चट्टान की तरह ख?ा रहा है। खुद को संघ के प्रचारक मानने वाले मोदी समय-समय पर संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन ब? मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे ब? स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी संघ को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने 'समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा।' निश्चित ही संघ दुनिया का सबसे ब?ा स्वयंसेवी गैर-राजनीतिक संगठन है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा उसका मूल उद्देश्य है। संघ की स्थापना राष्टवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो रही थी, हिन्दू समाज पर रह-रह की हमले हो रहे थे, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास से हिन्दू समाज भयभीत था एवं लगातार कमजोर हो रहा था, इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने का प्रयास संघ ने प्रभावी ढंग किया और यह उन अभिजात्य लोगों को बहुत पसंद नहीं आया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्याग कर अपनी विदेशी शिक्षा और पश्चिमी मूल्यों के सम्पर्क में पश्चिम की नकल करने के पक्ष?में थे। इन्हीं भारत विरोधी लोगों ने संघ पर तरह-तरह के प्रतिबंध भी लगाये, लेकिन उनके आरोप पूरी तरह निराधार पाये गये।

संघ अपनी सकारात्मक सोच, सेवा एवं समर्पण के बल पर निरन्तर आगे ब?ता रहा। संघ का एक ही भाव था कि बतौर राष्ट भारत पुनः सशक्त स्थिति में आए जहां वह दुनिया का मार्ग दर्शन कर सके लेकिन इसके लिए पहले भारतीय समाज का रूपांतरण होना जरूरी था। समाज के रूपांतरण के लिए?संघ ने दैनिक शाखाओं के जरिए व्यक्ति निर्माण का काम शुरू किया था। संघ के स्वयं सेवक एवं 40 से अधिक परियोजनाएं जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करके मां भारती की सेवा कर रहे हैं। कौन नहीं जानता कि 1947 में संघ के स्वयंसेवकों ने कश्मीर सीमा पर बगैर किसी प्रशिक्षण के पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर नजर रखी थी और पाकिस्तान से जान बचाकर आए शरणार्थियों के लिए?शिविर लगाए, भोजन की व्यवस्था की थी। 1962 में भारत-चीन हमले के दौरान सैनिक आवाजाही मार्गों की यातायात व्यवस्था, रसद और आपूर्ति में मदद स्वयंसेवकों ने की थी। सेवा के साथ-साथ राष्ट्रीयता के मजबूत इरादों की तमाम चुनौतियों के बावजूद संघ लगातार विस्तार पाते हुए वृक्ष से वटवृक्ष बनने की ओर अग्रसर है।

# खेड़ापति मंदिर में गणगौर मंडलों द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**



श्री खेड़ापति मंदिर समिति शिवपुर रोड देवल मोहल्ले में देवी भक्तों के द्वारा चेत्र नवरात्रि के अवसर पर देवी की विशाल प्रतिमा की स्थापना कर आकर्षक साज सज्जा की गई। इस अवसर पर मंदिर से लगी हुई उदय विहार कॉलोनी में गणगोर मंडलो के कलाकारों द्वारा माता रानी को प्रसन्न करने माता के भजनों एवम नृत्य के द्वारा अरदास लगाई गई जा रही जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओ पुरुषों एवं बच्चों ने भजनों का रसपान किया किया। 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक चलने बाले नवरात्र में प्रतिदिन प्रसिद्ध भजन गायकों एवम कलाकारों के द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी । इसी श्रृंखला में 3 अप्रैल को प्रसिद्ध गणगोर भजन गायक देवेंद्र सिंह मेवाडा के द्वारा गणगौर भजनों की शानदार प्रस्तुति की जाएगी समिति ने भक्तों से भारी संख्या पहुंचने का आह्वान किया है। 1 अप्रैल को प्रस्तुति देने बाले कलाकारों का रघुवीर सिंह राजपूत ,वीरेंद्र मिश्रा, नरेश जायसवाल, अभिषेक शर्मा ,ऋषिकांत पटवा, कमल चौहान, दुर्गा लोवंशी ,पप्पू यादव ,प्रकाश कौशल ,विशाल महाराज, भोला, देवांश लाल, बाबा बंटी मालवीय, रंजीत कौशल ,नितिन अग्रवाल, आनंद कुशवाहा, अनिल पवार उत्तम सिंह तंवर आदि समिति के सदस्यों ने गणगौर मंडलों का स्वागत किया।

## गणगौर मेला आयोजित, धूमधाम से निकला चल समारोह



**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मसूदपुर में भव्य गणगौर में मेले का आयोजन किया। जिसमें शहर सहित आसपास के गांव से हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जगदीप सिंह राजपूत मसूदपुर द्वारा बताया गया है कि ठिकाना मसूदपुर जागीरदार परिवार द्वारा हर साल की तरह इस साल भी गणगौर भगवान की सवारी बड़ी धूमधाम से निकाली गई। गणगौर गौरा पार्वती का स्वरूप का हर साल की तरह यहां एक विशाल मेले का भी आयोजन किया। गणगौर भगवान की पूजा करने के बाद यहां पर विशाल चल समारोह निकाला गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में दर्शनाभिलाषी एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी मसूदपुर के परिवारों ने धूमधाम से पूजा अर्चना कर विधि विधान से चल समारोह निकाला। इस अवसर पर समस्त मसूदपुर ठिकाना दरबार एवं अन्य जनमानस उपस्थित रहै।

## पंजाबी विकास महिला समिति ने भजन व कीर्तन के साथ कराया कन्याभोज



**गंजबासौदा।** पंजाबी विकास महिला समिति द्वारा नवरात्रि पर्व पर स्थानीय सुंदर मंदिर परिसर में भजन कीर्तन व कन्याभोज का आयोजन किया गया। मंदिर में सभी महिलाओं ने कीर्तन करके उत्साह से कन्याभोज कराया। इस कार्यक्रम पर समिति की अध्यक्ष स्वदेश छाबड़ा, सचिव अनीता अरोड़ा, वरिष्ठ सदस्य कृष्णा राजपूत , भावना शर्मा, राज अरोड़ा के साथ अदिति अरोड़ा,नवनीत छाबड़ा , एकता अरोड़ा, स्वीटी अरोड़ा ,सुदर्शन अरोड़ा,शाश्वती अरोड़ा, आराध्या अरोड़ा ,अवनी अरोड़ा ,अजूनी छाबड़ा , रुबानी छाबड़ा सहित बहुत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं परिवहन में अनियमितताओं की जांच के लिए दल गठित

**नर्मदापुरम।** विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान के परिवहन एवं मिलिंग में पाई गई अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत जाँच के निर्देश दिए गए हैं। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा नर्मदापुरम जिले में जांच के लिए एक जाँच दल का गठन किया गया है। गठित जाँच दल के अध्यक्ष के रूप में अनिल जैन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग सोहागपुर को नियुक्त किया गया है। वहीं, जिला आपूर्ति अधिकारी नर्मदापुरम को संयोजक, उपायुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम, जिला प्रबंधक (म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन) एवं जिला प्रबंधक (मप्र. वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन) को जांच दल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उक्त जाँच दल उपार्जित धान की मात्रा, परिवहन प्रक्रिया, गोदामों में जमा धान की स्थिति, धान में कमी, मिलर्स को किए गए भुगतान, मिलर्स द्वारा धान उठाव एवं सीएमआर जमा की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जाँच करेगा। जाँच दल को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। यदि जाँच में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो जिला उपार्जन समिति द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर शासन को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

## उत्कृष्ट विद्यालय के प्रवेशउत्सव में पहुंचे संयुक्त संचालक सागर



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें संभाग के मुखिया संयुक्त संचालक मनीष कुमार वर्मा के द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया साथ ही छात्रों को प्रेरित किया कि कल से आपके नवीन सत्र की शुरुआत हो रही है अत: समस्त छात्र नवीन प्रवेशित कक्षाओं में प्रवेश लेकर विद्यालय आए इस समय प्राचार्य के द्वारा छात्रों को पुरस्कार व पुस्तके प्रदान की गई। वर्मा जी के द्वारा भी छात्रों को पुस्तक प्रदान की गई उक्त कार्यक्रम में संस्था केशिक्षक एस के सरैया , परसोत्तम सिंह लोधी, दिनेश कुमार यादव , भारत यादव, राकेश कुमार तिवारी, भरत यादव, परमलाल लाल अहिरवार, श्रीमती सपना नामदेव , लखन अहिरवार ,धर्मेंद्र से लोधी , प्रमोद कुमार पाल व समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थिति रहे।

### ग्राम रंधाल में प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

# 35 साल पुराने अवैध कब्जे से मुक्त कराई 8 करोड़ रुपए की 57 एकड़ चरनोई भूमि

**अतिक्रमण मुक्त हुई भूमि गौवंश के पालन पोषण के लिए उपलब्ध रहेगी**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम. ग्रामीण तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 02 के ग्राम रंधाल में प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। यह भूमि खसरा नंबर 53 में से 57 एकड़ क्षेत्रफल की थी, जिस पर पिछले लगभग 35 वर्षों से अनाधिकृत रूप से कब्जा किया गया था।

यह भूमि गौवंश के चराई हेतु सुरक्षित थी, लेकिन इस पर अतिक्रमणकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जा रही थीं। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का समाधान करते हुए प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई की और भूमि को पुनः ग्राम पंचायत रंधाल को सौंप दिया।

इस महत्वपूर्ण कार्यवाही का नेतृत्व एसडीएम श्रीमती नीता कोरी एवं तहसीलदार हिमांशु नामदेव ने किया। उनके कुशल मार्गदर्शन में राजस्व एवं प्रशासनिक अमले ने मिलकर अतिक्रमण को हटाया और शासकीय भूमि को पुनः पंचायत के सुपुर्द कर दिया। यह कार्यवाही राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश सोनी, हल्का पटवारी मुकेश कुर्मी, पटवारी कंचन रघुवंशी एवं विजय उपराले के कुशल नेतृत्व में की गई।

### अनुमानित बाजार कीमत 8 करोड़

बताया जा रहा है कि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 08 करोड़ रुपये है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अब यह भूमि गौवंश के पालन-पोषण एवं ग्रामीण उपयोग के लिए उपलब्ध होगी।

शासन द्वारा गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इससे न केवल स्थानीय पशुपालकों को लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पशुधन की बेहतर देखभाल भी सुनिश्चित हो सकेगी।

### कलेक्टर पहुंचे मंडी, शुरू कराई बोली

## किसानों से समस्याएं जानी, सांगा सर्वेयर को हटाने के दिए निर्देश

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**



जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर बुधवार को लगभग 12 बजे तेंदूखेड़ा मंडी पहुंचे और मंडी में गेहूं खरीदी शुरू कराई व्यापारियों द्वारा किसान के गेहूँ की बोली व्यापारियों द्वारा लगाने पर के पहले कलेक्टर द्वारा किसान को माला पहनाकर स्वागत किया गया प्रथम गेहूं की बोली 24 सौ शुरू हुई और 2450 रुपया पर खत्म हुई जिसमें अतुल ट्रेडर्स तेजगढ़ द्वारा मँगदूपुरा के किसान प्रकाश साहू का लगभग 15 क्विंटल गेहूं खरीदा गया उपस्थित किसानों से उनकी समस्याएं से रूबरू हुए इसके बाद गेहूं उपार्जन केदो का निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम मंडी प्रांगण में साँगा खरीदी केंद्र पर कलेक्टर पहुंचे व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बारिश से बचने के इंतजाम, सीसीटीबी कैमरा, की जानकारी प्राप्त करते हुए वहां की व्याप्त व्यवस्थाओं के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए साँगा सवेयर को हटाने के निर्देश दिए साथ इलेक्ट्रिक कांटे पर गेहूं की बोरियों को तुलवाया इसके बाद गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया । गेहूं की गुणवत्ता मापने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए गेहूं की गुणवत्ता का प्रैक्टिकल करवाते हुए समझा कुछ ऐसी मशीन भी सामने आए जिसकी अभी शुरुआत भी नहीं हुई थी जिस पर भी कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की साथ ही गेहूं खरीदी में जो भी कमियां थी उन कमियो पर दिशा निर्देश दिए इसी के साथ जो भी अवस्थाएं थी उन्होंने तत्काल इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी से बुधवार की शाम तक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए निर्देश दिए उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में व्यवस्था सुधरना चाहिए और एसडीएम ,तहसीलदार को भी लगातार मॉनिटरिंग करने की निर्देश दिए इस दौरान एसडीएम सौरभ गंधर्व तहसीलदार विवेक व्यास संग समिति प्रबंधक यशवंत त्रिपाठी ,तेंदूखेड़ा डोमन साहू, सेट अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

### मातृशक्ति वंदना शिविर का कलेक्टर द्वारा ओचक निरीक्षण

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में झलोन के नव निर्मित उपस्वास्थ केंद्र सेक्टर में मातृशक्ति वंदना योजना अंतर्गत 2 अप्रैल को सामान्य महिला शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के ग्रामों से आकर काफी महिलाओं ने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई गई। इसी मौके पर जिला कलेक्टर आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। उपस्थित महिलाओं से विभिन्न जानकारी ली एवं असुविधाओं को देखते हुए आगामी शिवर में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की बात कही इसी दौरान ग्राम एवं क्षेत्र के उपस्थित ग्रामीणों ने कहा यहां के उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ की पदस्थापना नहीं होने के कारण लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है कलेक्टर ने जल्द ही सीएचओ की पदस्थापना करवाने का आश्वासन दिया। वहीं उप स्वास्थ्य केंद्र के पास संचालित शराब दुकान को हठाने के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर आवेदन दिया।

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कठिन परिश्रम : रश्मि दुबे



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय उत्कृष्ट उमावि में स्कूल चलो प्रवेश उत्सव के दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी होमगार्ड के जिला कमांडेंट मयंक जैन के साथ प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम नोडल अधिकारी जिला कमांडेंट जैन, प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे, प्रभारी प्राचार्य अनिल दुबे ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य ने जिला कमांडेंट का तथा कंचन शर्मा एवं रुचिता यादव ने प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे का पुष्प कुछ से स्वागत किया। संबोधन में जिला कमांडेंट जैन ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करना तथा अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने की बात कही। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने बहुत ही सरल शब्दों में छात्र-छात्राओं को मोबाइल से दूर रहकर अपनी पढ़ाई करने और शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी आगे रहकर स्वस्थ रहने की सलाह दी। प्राचार्य अनिल दुबे ने प्रवेश उत्सव तथा भविष्य से भेंट विषय पर प्रकाश डाला एवं सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में पूरी लगन से भाग लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया सभी अतिथियों का आभार आलोक नायक ने व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**मेट्रो एंकर** मातृशक्ति अखंड दीप की 100 वीं सालगिरह के उपलक्ष में गायत्री यज्ञ और दीपयज्ञ के हुए आयोजन

# शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड ज्योति कलश का शहर में आगमन , जगह-जगह स्वागत

**गंज बासौदा, दोपहर मेट्रो**



मातृशक्ति अखंड दीप की 100 वीं सालगिरह के उपलक्ष में शांतिकुंज हरिद्वार से पवित्र अखंड ज्योति कलश का आगमन नगर में हो चुका है। वार्ड 04 में अखंड ज्योति कलश का जगह-जगह आरती कर स्वागत किया गया। उसके पश्चात खेड़ापति माता मंदिर वार्ड 04 पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में महेंद्र दिवाकर व उनकी धर्मपत्नी सुनीता दिवाकर शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य ट्रस्टी श्याम सुंदर माथुर, उपट्रस्टी जयराम अहिरवार, तहसील समन्वयक संगीता शर्मा, गोविंद प्रसाद माथुर , एसके सेनी, बसंत कुमार पांडे, ट्रस्टी महाराज सिंह दांगी, रघुवीर सिंह परिहार,उत्कर्ष दिवाकर, एलआर अहिरवार, विमल सुमन, जगदीश दास बैरागी , सुनील बरसेना महेश कुमार दिवाकर , राजेश कुमार साहू , श्रीमती सविता साहू, शशि बरसेना, पूर्व पार्षद हेमंती अहिरवार एवं वर्तमान पार्षद नीलू अहिरवार, देवांश प्रभाकर, मनोज अहिरवार ,दशरथ अहिरवार व अन्य धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए ।

### शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पहुंच रही यात्रा

ज्योति कलश यात्रा के आगमन पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में खास उत्साह देखा जा रहा हैं। सिरोंज चौराहा स्थित तिवारी निवास पर विराट दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य यजमान पूनम संदीप तिवारी रहे। राधाकृष्ण पूरम में मधु राकेश पांडे के निवास पर गायत्री यज्ञ हुआ।

## एक गरीब भगवत प्रेमी ग्वाल ने बनाया गोपाल मंदिर जहां बह रही भगवत गीता की धारा



**सिवनी मालवा।** राधा कृष्ण मंदिर रेल्वे गेट भीलटदेव के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे चल रही श्री मद् भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा मे पंडित राकेश दीक्षित ने बताया कि अगर हमारा मन निर्मल है और किसी भी शुभ संकल्प के लिए हम भगवान से निवेदन करते हैं तो परमात्मा उस सच्चे संकल्प को अवश्य पूर्ण कराते हैं। यही सच्चा संकल्प लेकर इस गरीब ग्वाल सुंदरलाल ने मजदूरी करके थोड़ा थोड़ा जोडकर धीरे धीरे भगवान का आसरा लेकर भगवान राधा कृष्ण का मंदिर बनाया और सभी भगवत प्रेमीयों के साथ मिलकर भव्य प्राण प्रतिष्ठा श्री राम नवमी पर कराई और उसी मंदिर की प्रथम वर्षगांठ की पावन बेला मे यह श्री मद् भागवत कथा चल रही हे। जो श्री रामनवमी को पूर्ण होगी। पंडित दीक्षित ने बताया कि अगर हम धर्म की डोर पकड़ कर सत्य के मार्ग पर परमात्मा के सहारे कर्म करते हुए आगे बढते हैं तो बाधा भले ही कितनी भी आए पर हमारी धर्म की राह पक्की और नीति रीति सही हे तो कोई ताकत हमे भटका नही सकती। इसलिए हम सदैव धर्म की राह पर चले और भगवत भजन करे ।क्योंकि बिना भजन के गति नहीं है और संतो ने कहा है भजन के बिना यहाँ जीना मना है।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ने शेरपुरा स्कूल में पहुंचकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा स्कूलो में प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन सभी शासकीय स्कूलो में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था उक्त कार्यक्रमों में जिला अधिकारियों ने आवंटित स्कूलो में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया गया है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुरा में पहुंचकर करीब पौन घंटा तक छात्राओं से उन सभी को शिक्षा की महत्वता को रेखांकित करते हुए जीवन में शिक्षित होने से होने वाले बदलाव प्रगति, सामाजिक प्रसिद्धि और आत्म निर्भरता की ओर बढ़ते कदम को रेखांकित किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के नवप्रवेशीय छात्राओं से संवाद करते हुए प्रारंभिक जानकारियां और विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को जाना जैसे स्कूल क्यों आती हो, पृथक-पृथक उत्तरो को ब्लैकबोर्ड पर अंकित कर एकजाई समरी में रेखांकित किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्कूलो में अध्यापन के दौरान जो ज्ञान की प्राप्ति होती है वहीं हमारे शैक्षणिक जीवन का आधार बनता है उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ-साथ अपने कौशल काबिलियत को विकसित करने में स्कूलो की भी



महती भूमिका है शिक्षा का महत्व जीवन में नकारा नहीं जा सकता है शिक्षा ही हमें अनेक बौद्धिक स्तरो के शिखरो पर पहुंचाती है। पर्सनालिटी डेव्हलपमेंट की निहित बिन्दुओं को हम कैसे विकसित करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने छात्राओं को नैतिक शिक्षा पर गहन प्रकाश डालते हुए अच्छे व जागरूक नागरिक कैसे बने को उदाहरणो सहित प्रस्तुत किया है। उन्होंने जीवन में नियमो का पालन करने पर विशेष ध्यान देने पर सचेत किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने सोशल मीडिया एंड्रायड मोबाइल का सदुपयोग नियमित समय तक करने को आवश्यक बताया है। इसका अधिक उपयोग करने से समय और बौद्धिक विकास दोनो से हरस्मेंट होता है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पढ़ाई और ज्ञान जहां भी उसे आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने आइएस परीक्षा की तैयारियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। वहीं स्कूल के दौरान की गई पढाई का आईएस की परीक्षा में कैसे उपयोग किया का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान कभी बेकार नहीं जाता, आप किसी भी क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर सकते है बस आपका आत्म विश्वास नही डगमगाना चाहिए। शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अध्ययन करें। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मेहनत, अभ्यास, पढाई, ज्ञान ये सब हमारे उद्धेश्यों की प्राप्ति की महत्वपूर्ण कडी है। इन कड़ियों से हम अपने कौशल हुनर को विकसित कर सकते है। पढ़ाई के दौरान किन बातो का विशेष ध्यान दें, कैसे नोट्स बनाएं, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान गुरूजनों से प्राप्त करे इत्यादि पर भी गहन प्रकाश डाला ।

भविष्य से भेंट कार्यक्रम तहत 37 अधिकारियों को स्कूल आवंटित - कलेक्टर श्री सिंह ने विदिशा जिले में नवप्रवेशीय विद्यार्थियों के मोटिवेंशन और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारियां प्राप्ति के उद्धेश्य से भविष्य से भेंट कार्यक्रम तहत जिले के 37 अधिकारियों को स्कूलो का आवंटन कर उन्हें नोड्ल नियुक्त किया गया है जो नियत शाला में पहुंचकर एक पीरियड बच्चों से संवाद करेंगे और अपना प्रतिवेदन जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा को उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा कुरवाई विकासखण्ड हेतु तीन, ग्यारसपुर के लिए पांच, नटेरन के लिए सात, बासौदा के लिए आठ, लटेरी के लिए तीन तथा, विदिशा विकासखण्ड के लिए नौ तथा सिरोंज के लिए दो अधिकारी नियुक्त किए गए है।

## सागर लोकसभा के लिए मिली बड़ी सौगात, बाइपास मंजूरः वानखेड़े



**सिरोंज।** सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि लोकसभा के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि! मेरे अनुरोध पर मात्र एक सप्ताह के भीतर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर 731.36 करोड़ रुपये की लागत से राहतगढ़ बाईपास को स्वीकृति प्रदान की है। यह बाईपास भोपाल-सागर फोर लेन का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा और सागर लोकसभा क्षेत्र में विकास की नई राह खोलेगा। इस परियोजना से राहतगढ़ शहर की घनी आबादी को राहत मिलेगी और तेज़, सुरक्षित एवं निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मंत्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी विजन के कारण देश के इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी बदलाव हो रहा है। मैं इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए हृदय से आभार प्रकट करती हूं।

## कलेक्टर ने स्कूलों का लिया जायजा



**तेंदूखेड़ा।** स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन दो अप्रैल को शालाओं में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को सुबह लगभग 8.30 बजे जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले स्कूलों का जायजा लिया नगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर वनांचल में स्थित शालाओ का निरीक्षण किया साथ ही शासकीय की एकीकृत माध्यमिक शाला इमलीडोल , एकी. मा. शाला हाथीडोल, एकी. मा.शाला जरूआ का भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया जिसमें बच्चों से भेट करके कलेक्टर महोदय द्वारा शैक्षणिक सामग्री कम्पास, कॉपी पेन पेन्सिल आदि का वितरण शालाओं में किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा एकी. मा. शाला इमलीडोल एवं एकी.ना.शाला हाथीडोल में मध्यान्ह भोजन खाकर गुणवत्ता की जांच की।

## स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीज का उपचार



**सिरोंज।** बुधवार को सेवा भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा महामाई मंदिर प्रांगण में संजीवनी अस्पताल के सहयोग से तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।, शिविर में 150 लोगोंने स्वास्थ्य लाभ लिया तीन दिनों तक निशुल्क में, शिविर में शुगर, बी.पी एवं अन्य रोगों के मरीजों को परामर्श दिया गया एवं दवाएं भी प्रदान की गईं।, संजीवनी अस्पताल के डायरेक्टर संजीव माथुर बताया कि, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विकास बघेल एवं सर्वोत्तम अस्पताल भोपाल से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की तिथि में वृद्धि, अब 15 अप्रैल तक करें आवेदन

**सिरोंज!** विदिशा भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में पंजीयन करने हेतु कारपोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल (https://pminternship.mca.gov.in/login) के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 से बढ़ाकर 15 अप्रैल 2025 कर दी गई है। भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों मे देश के युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों मे वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल मे कार्य करने तथा संबंधित स्किल सीखने का अनुभव मिलेगा इन शीर्ष कंपनियों की सूची पीएम इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर उपलब्ध है।

### डांग वाली महामाई मैया के दरबार में हुआ विशाल देवी जागरण

# भजन गायक चरणजीत सिंह ने दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति, भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

चैत्र नवरात्रि के पवन उत्सव के दौरान श्री महामाई माता मंदिर ( डॉगवाली ) के जागृत दरबार में चल रहे श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं विशाल मेले के अवसर पर मंगलवार रात्रि में विशाल देवी जागरण ( जगराता ) कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायक चरणजीत सिंह सौंधी ने अपने सुमधुर भजनों से देर रात तक भक्तों में मातारानी के जगराते की लौ जगाई।





श्री महामाई सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर परिसर में श्री रामलीला हेतु बनाये गये विशाल डोम में हुआ। रात्रि दस बजे अपने सहयोगी कलाकारों के साथ मंच पर पहुँचे भजन गायक सरदार चरणजीत सिंह सौंधी ने महामाई सेवा समिति के सदस्य विधायक उमाकांत शर्मा के साथ मातारानी की पूजा अर्चना एवं जोत जलाकर जगराते का शुभारंभ किया। मातारानी का आव्हान करते हुए उन्होंने तुने मुझे बुलाया शेरा वालिए में आया में आया शेरा वालिए भजन के साथ जागरण कार्यक्रम की शुरूआत की और अपने सुमधुर अंदाज में प्रसिद्ध देवी महामाई मातारानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।

इस दौरान उपस्थित जन समुदाय को भाव-विभोर करते हुए उन्होंने सम्पूर्ण परिसर को मातारानी की भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा सहित श्रद्धालुगण भक्ति भाव में नृत्य भी करते देखे गए। उन्होंने देवी भजनों के साथ-साथ अन्य देवी देवताओं भगवान राधाकृष्ण, अंजलि के लाल हनुमान जी,भगवान राम और शंकर के भजनों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम का समापन महामाई मैया की आरती के साथ हुआ।

जगराता कार्यक्रम के दौरान भरतपुर से आए कलाकारों द्वारा मंच पर बीच-बीच में राधा-कृष्ण, हनुमान जी,शिवपार्वती तथा महाकाली के अभिनय की झॉकी भी प्रस्तुत की गई जो आकर्षण का केन्द्र रही। इससे पूर्व मुंबई से पधारे भजन गायक चरणजीत सिंह एवं सभी कलाकारों ने सर्वप्रथम श्री महामाई माता के दर्शन किये और मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति सदस्य एवं संरक्षक उमाकांत शर्मा तथा समिति सदस्यों ने उपस्थित कलाकारों का पटका,पुष्पमाला एवं माता की चुनरी उड़ाकर सम्मान किया एवं महामाई मैया की तस्वीर भेंट की।

डांग वाली महामाई माता के दरबार में परंपरागत रूप से होने वाले देवी जागरण के शुभारंभ अवसर पर विशेष रूप से संघ की प्रचारक श्रेणी के विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्रीराम आरावकर, विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश माहेश्वरी एवं विद्या भारती की प्रांतीय समिति के अध्यक्ष मोहन लाल गुप्ता ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर जागरण पांडाल में उपस्थित सनातन बंधुओं को जीवन पद्धति की पांच प्रमुख बातों पर ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीराम आरावकर ने कहा कि हमारी संस्कृति में भाषा भूषा भोजन भजन व भ्रमण को महत्व दिया गया है। अपने भारत देश को भारत माता को परम वैभव पर स्थापित करने के लिए अपनी जीवन पद्धति में इनका समावेश होना परम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमको अपने पर्व त्योहारों ओर मंदिरों में जाते समय भारतीय भेषभूषा ही धारण करना चाहिए जींस एवं आधुनिक वस्त्रों का हमे त्याग करना चाहिए। अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देते परिवारों में घरेलू संबोधन की परंपरा को प्राथमिकता दे। आधुनिकता की होड़ में आज हम अपनी भाषा को ही भूलते जा रहें हैं। मम्मी डैडी अंकल जैसे इंग्लिश शब्दों का प्रचलन समाज में बढ़ता जा रहा है। हमारी शुद्ध भोजन पद्धति को भी हम खत्म कर पिज्जा बर्गर जैसे वजन बढ़ाने वाले ओर स्वास्थ्य को खराब करने वाले वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। आज देश में खराब खानपान से कैंसर की बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं।उन्होंने कम से सप्ताह में एक दिन भजन अवश्य करने पर भी जोर देते हुए कहा कि घर में प्रतीक व्यक्ति को राम चरित मानस के पांच दोहे अवश्य पढ़ना चाहिए तथा अपने तीर्थ स्थानों का भी भ्रमण करना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि स्व निर्मित वस्तुओं के प्रयोग से हमारा भाव भी स्वदेशी होगा और भारत वर्ष हिन्दुओं का देश बना रहे इसके लिए भी हमे सचेत रहने की आवश्यकता है। हमारी कुटुंब व्यवस्था यथावत रहे इसके लिए भी सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है मोबाइल के दौर में आज परिवार बिखर रहें हैं। इसके पूर्व समिति के संरक्षक विधायक उमाकांत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत सम्मान कर महामाई माता की तस्वीर एवं प्रसादी भेंट की।

## दुधारू गायों के लिये पुरस्कार योजना के लिए चार अप्रैल तक करें आवेदन

**सिरोंज !** पशुपालकों से भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। उप संचालक डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि योजना के तहत ऐसे पशुपालक जिनके पास भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 6 लीटर या उससे अधिक है, वे योजना का लाभ लेने के लिए 4 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक निकटतम पशु चिकित्सालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। इस योजना अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 11,000 रुपये दिया जाएगा। आवेदन प्रारूप विदिशा, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, हैदरगढ़ आदि पशु चिकित्सालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# मंगल वेयरहाउस के धर्मकांटे को एसडीएम ने किया सील, भूसे को तत्काल हटाने के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

खबर का असर

नियमों को दर्दनाक करके नगर से चंद्र किलोमीटर की दूरी पर मंगल वेयरहाउस पर गेहूं की खरीदी के साथ ही समीप में ही भूसे की खरीदी की जा रही है। जिसके कारण कभी-भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है । पिछले साल समर्थन मूल्य केंद्र के पास भूसा खरीदने से एक बड़ा हादसा हो चुका है। फिर जिम्मेदार आंखें बंद करके इस काम को करवा रहे हैं।इसी तरह की लापरवाही मंगल वेयरहाउस पर हो रही थी जिसका समाचार हमारे संवाददाता ने बुधवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित करके प्रशासन के अधिकारियों के संज्ञान लाने का कार्य किया बुधवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने मंगल वेयरहाउस आसपास से भूसे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए साथ गेहूं की ट्रालियों की तोल भी वेयरहाउस के धर्म कांटे हो रही थी इसके बाद



एसडीएम ने सबसे पहले यहां के धर्म कांटे को सील किया और यहां पर बिना जांच के एक ट्रॉली को धर्म कांटा करने के बाद तोल लिया था जब उसकी जांच कराई तो वह गुणवत्ता विहीन पाई गए इसके बाद उपज को वापस करवाते हुए एसडीम



ने सर्वेयर को भी कड़ी फटकार लगाई साथ ही यहां पर लगे भूसे के ढेर को तत्काल यहां से हटाने के निर्देश एसडीएम ने दिए कहा कि जल्दी हटा ले नहीं तो कार्रवाई की जाएगी आवश्यकता पड़ने पर भूसे को जप्त भी प्रशासन करेगा या तो इसको यहां से हटा ले यहां पर सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम हो भूसे की खरीदी की गई तो और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मेट्रो एंकर** मेले की व्यवस्थाओं का लिया एसपी कलेक्टर ने जायजा

# महाकाल लोक की तर्ज पर महामाई लोक कॉरिडोर बनने की कई संभावनाएं : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

महामाई के दरबार में चल रहे चैत्र नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए बुधवार को कलेक्टर रोशन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी पहुंचें कलेक्टर ने महामाई सेवा समिति के संरक्षक विधायक उमाकांत शर्मा के साथ स्थानीय प्रशासन एवं मेला समिति के सदस्यों के साथ मेले की व्यवस्था के साथ दशहरे पर होने वाले भंडारे की तैयारियों की बैठक समय से पहले सभी व्यवस्थाएं सावधानी और सुरक्षा के साथ आयोजन संपन्न हो इसकी सभी चिंता कर ले एसपी ने भी सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश पुलिसकर्मी को दिए। विधायक उमाकांत शर्मा ने मेले की तैयारियों में प्रशासन से मिल रहे भरपूर सहयोग की सराहना करते हुए सिरोंज लटेरी के प्राचीन धार्मिक स्थलों के विकास तीर्थ एवं मेला विकास प्राधिकरण से विस्तृत कार्य योजना बनवाकर महामाई मंदिर,बाबा विश्वनाथ मंदिर देवपुर, सियाराम बाबा की तपोस्थली आमझिर तथा बड़ी मदागन को तीर्थ क्षेत्र घोषित करवाने में प्रशासनिक सहयोग की बात कही। वहीं विधायक शर्मा ने वर्षों से जनता



जनार्दन के सहयोग से आयोजित हो रहे मेले एवं महामाई के ऐतिहासिक इतिहास से भी अवगत कराया।

मिले आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर रोशन सिंह ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि जिले के इस मेले में सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं जो कुछ नाममात्र की कमियां हैं वह पूरी कर दी जाएंगी मेले में लगे झूलों पर सुरक्षा पर ध्यान रखने की विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महामाई मंदिर परिसर में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। यहां के समग्र विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करवाने की आवश्यकता है। शासन के सहयोग से उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर हम यहां के विकास एवं सौंदर्य के लिए महामाई लोक कॉरिडोर की कल्पना कर सकते हैं। में जल्द ही यहां एक एक्सपर्ट की टीम को को भेजूंगा जो समिति के सदस्यों से चर्चा एवं स्थल का अवलोकन कर इस क्षेत्र के विकास की कार्य योजना तैयार करके मास्टर प्लान बनाएंगी। हम मध्यप्रदेश तीर्थ, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का भी सहयोग लेने का प्रयास करेंगे तथा बजट आवंटन अनुसार इस क्षेत्र कॉरिडोर बनाने के विकास की दिशा में काम करेंगे। बैठक में सिंह ने सुरक्षा की दृष्टि से आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचाव हेतु स्थानीय प्रशासन को दिशा निर्देशित करते हुए कहा कि हम जहां आश्वस्त होते हैं अक्सर गड़बड़ी वही होती हैं। इसलिए ऐसे प्वाइंट को चिन्हित करके उनको समय पूर्व में ही दुरुस्त किया जाना चाहिए। विद्युत विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए लॉज वायरिंग,खंभों में करंट उतरने से सुरक्षा की मापक जांच कर सर्टिफिकेट जारी करवाने की बात भी कही। वहीं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को मेले में होने वाली मोबाइल चोरी एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल ड्रेस में भी जवानों की तैनाती करने की बात कही। साथ ही दें किनारे मेला स्थापित होने से सुरक्षा के मद्देनजर एसडीआरएफ की टीम तैनाती करने की बात कही।

### आईपीएल 2025 का 15वां मुकाबला होमग्राउंड ईडन गार्डन्स स्टेडियम में

# आज कोलकाता और हैदराबाद के बीच मैच पिछले सीजन दोनों में हुआ था फाइनल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

आईपीएल 2025 का 15वां मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रनर-अप सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। मैच कोलकाता के होमग्राउंड ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों ने इस सीजन 3-3 मैच खेले। दोनों को 1-1 में जीत मिली और 2-2 में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल का फाइनल इन्हीं दोनों टीमों के बीच खेला गया था। जहां कोलकाता ने हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार ढ्ढक्क जीता था।





**हेड टु हेड में कोलकाता आगे:** कोलकाता हेड टु हेड में हैदराबाद पर भारी है। दोनों के बीच 28 ढ्ढक्क मैच खेले गए। 19 में चयक्र और 9 में स्त्र॥ को जीत मिली। दोनों टीमें ईडन गार्डन्स में 10 बार भिड़ीं, 7 बार केकेआर और महज 3 बार स्त्र॥ को जीत मिली।

**ट्रैविस हेड हैदराबाद के टॉप स्कोरर:** ट्रैविस हेड स्त्र॥ के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने इस सीजन 3 मैचों में 136 रन बनाए हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर अनिकेत वर्मा और तीसरे पर ईशान किशन हैं। अनिकेत ने 3 मैचों में 205.26 के स्ट्राइक रेट से 117 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने आखिरी मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 41 गेंदों में 74 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं ईशान तीन मैचों में 108 रन बना चुके हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 47 गेंदो में 106 रन की शतकीय पारी खेली थी। गेंदबाजी में हर्षल पटेल 3 विकेट लेकर टॉप पर हैं।

**डी कॉक ने कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए:** क्विंटन डी कॉक चयक्र के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 102 रन बनाए हैं। उन्होंने दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 97 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। उनके बाद टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 85 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में आरसीबी के खिलाफ 31 गेंदों में 56 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। गेंदबाजी में वरुण चक्रवती ने 3 मैचों में 3 विकेट झटके हैं। वे चयक्र के टॉप विकेट टेकर हैं। ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली है। इस स्टेडियम में अब तक 94 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं। यहां पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 38 और चेज करने वाली टीमों ने 56 मैच जीते हैं। रिकॉर्ड को देखते हुए टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकती है। इस स्टेडियम का हाईएस्ट टीम स्कोर 262/2 है, जो पंजाब किंग्स ने पिछले साल कोलकाता के खिलाफ बनाया था। 3 अप्रैल को कोलकाता का मौसम काफी गर्म रहेगा। पूरे दिन तेज धूप रहेगी। बारिश की केवल 3त्न आशंका है। इस दिन यहां का तापमान 25 से 36 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है।

**पॉसिबल प्लेइंग-12**

**सनराइजर्स हैदराबाद-** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी, एडम जम्पा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स-** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, अंगकृष रघुवंशी।

# हरियाणा के कबड्डी प्लेयर को 22 लाख रुपए मिले

### ऑक्शन से पहले ही कॉन्ट्रैक्ट साइन किया दीपक हुड्डा को ट्रेंड करने वाले कोच ने निखारा

**झज्जर, एजेंसी**

हरियाणा में झज्जर के रहने वाले कबड्डी प्लेयर पुनीत कादियान को बंगाल की टीम ने 22 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। वह प्रो-कबड्डी लीग में बंगाल वॉरियर्स की टीम से रेडर के तौर पर खेलेंगे। उनका कॉन्ट्रैक्ट 2 साल का होगा। पुनीत के कोच वही हैं, जिन्होंने इंडियन कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा को ट्रेंड किया था। पुनीत बाहर की बनी कोई चीज नहीं खाते, बल्कि घर के घी से बना खाना खाते हैं। पुनीत ज्यादातर काम लेफ्ट हेंड से करते हैं, इसलिए उन्हें लेफ्टी रेडर कहा जाता है। पुनीत झज्जर जिले के गांव दूबलधन का रहने वाले हैं। उनके पिता नसीब कादियान खेतीबा?ी करते हैं, जबकि मां पूनम देवी हाउस वाइफ हैं। पुनीत का जन्म 10 मई 2006 को हुआ। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। पुनीत ने 6वीं कक्षा तक की प?ाई गांव में ही रहकर की। इसके बाद 7वीं से 12वीं तक की प?ाई मामा के पास सोनीपत में पूरी की। इस वक्त वह पंजाब के तलवंडी साबो की गुरु कांशी यूनिवर्सिटी से बीए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं।

**पुनीत का हुनर देख मामा साथ ले गए:** पुनीत जब 6वीं क्लास में पड़ रहे थे तो उनकी फिजिकल एक्टिविटी और हुनर देख मामा जगमाल नरवाल को लगा कि वह कबड्डी का अच्छा प्लेयर बन सकता है। इसलिए, वह पुनीत को अपने साथ सोनीपत के गांव रिजाना में ले आए। यहां पुनीत ने प?ाई की और साथ में कबड्डी भी खेलते रहे।

**8 घंटे प्रैक्टिस की, लीग तक पहुंचाया:** पुनीत पढ़ाई में ठीक थे। उनके मामा व कोच जगमाल नरवाल ने उन्हें अच्छा प्लेयर बनाने के लिए खूब मेहनत कराई। जगमाल नरवाल खुद भी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी लेवल तक कबड्डी खेल चुके हैं। उनकी देखरेख में पुनीत दिन में 8 घंटे कबड्डी की प्रैक्टिस करते थे। इससे पहले उन्होंने दीपक हुड्डा और अपने छोटे भाई सतपाल को भी तैयार किया था। सतपाल ने 3 साल दिल्ली की टीम से खेला। पुनीत के मामा ने कबड्?डी प्रेम की वजह से शादी भी नहीं की। उनकी रेलवे में नौकरी लगी थी, लेकिन उसे भी जॉइन नहीं किया था।

**पुनीत लेफ्टी, इसलिए रेडर के तौर पर मजबूत:** कोच जगमाल नरवाल बताते हैं कि पुनीत लेफ्टी है। यानी वह ज्यादातर काम बाएं हाथ से करता है। आम तौर पर कबड्डी प्लेयर का लेफ्ट कॉर्नर कमजोर रहता है। चूंकि, पुनीत लेफ्ट में स्ट्रॉन्ग था तो इस वजह से वह रेडर के तौर पर मजबूत निकला। इसके बाद उसे इसी तरह से ट्रेंड किया गया।



## मेट्रो बाजार

# निवेशकों की पहली पसंद है भारत, देश में बढ़ सकता है विदेशी निवेश



**मुंबई, एजेंसी**

चाइनीज शेयर बाजार के कम वैल्यूएशन और जापानी शेयर बाजार से शानदार रिटर्न व मजबूत कॉरपोरेट गवर्नेंस के बावजूद निवेश के लिए विदेशी निवेशकों की पहली पसंद भारतीय शेयर बाजार है। ब्लूमबर्ग मार्केट लाइव पल्स सर्वे के मुताबिक, अर्थव्यवस्था में शानदार तेजी और भारतीय कंपनियों के आय में इजाफे के कारण दुनिया में सबसे अधिक महंगा (ऊंचे वैल्यूएशन) के बावजूद 2024 में भारतीय शेयर बाजार में सबसे अधिक तेजी की उम्मीद है। सर्वे में शामिल 48 फीसदी निवेशकों ने उम्मीद जताई कि भारतीय बाजार इस साल रिटर्न देने के मामले में जापान और चीन को पीछे छोड़ देंगे। वहीं केवल 31 फीसदी निवेशकों ने कहा कि जापानी शेयर बाजार भारत को रिटर्न देने में पीछे छोड़ देगा। सर्वे में शामिल आधे निवेशकों ने तीनों एशियाई दिग्गजों के बीच भारत को सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य के रूप में चुना है। एक वर्ष में जापानी निक्केई ने 38 फीसदी रिटर्न दिया है, वहीं सेंसेक्स-निफ्टी का रिटर्न करीब 25 फीसदी रहा। इजरायल-ईरान के बीच बढ़ रहे तनाव और जंग के हालात के कारण सोमवार को भारत सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में पैनिक सेलिंग हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजरायल संघर्ष में वृद्धि से अगले कुछ ट्रेडिंग सेशन में भारतीय शेयर बाजार दबाव में रह सकते हैं।

## 14,000 कर्मचारियों की नौकरी टेस्ला में जा सकती है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। कंपनी भूमिकाओं के दोहराव का हवाला देते हुए अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10 फीसदी से अधिक की छंटनी करने की योजना पर काम कर रही है। अगर यह फैसला लागू किया जाता है तो इससे 14,000 लोगों की नौकरी जा सकती है। एक आंतरिक ईमेल में, सीईओ मस्क ने कहा कि तेज विकास के कारण कंपनी में भूमिकाओं का दोहराव हुआ है और 'विकास के अगले चरण' के लिए लागत में कमी जरूरी हो गई है। मस्क ने लिखा, 'जैसा कि हम कंपनी को विकास के अगले चरण के लिए तैयार करते हैं, ऐसे में लागत में कटौती समेत उत्पादकता बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू को देखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रयास के तहत हमने संगठन की गहन समीक्षा की है।

# टेनिसः भारतीय खिलाड़ी को 13 स्थान का फायदा

### रैंकिंगः सुमित नागल करियर के सर्वोच्च 80वें पायदान पर बोपन्ना एक स्थान फिसले

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पुरुष युगल रैंकिंग में भारत के रोहन बोपन्ना को एक स्थान के नुकसान के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन शीर्ष पर काबिज हो गए हैं। मोंटे कार्लो मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी नवीनतम एकल एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के उच्चतम 80वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने एटीपी रैंकिंग में 13 स्थान की छलांग लगाई। 1973 में कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के शुरुआत के बाद से नागल सर्वोच्च रैंकिंग वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे आगे विजय अमृतराज (1980 में 18वें), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें), सोमदेवदेव बर्मन (2011 में 62वें), शशि मेनन (1975 में 71वें), आनंद अमृतराज (1974 में 74वें), प्रजनेश गुणेश्वरन (2019 में 75वें) रहे।



## पावरलिफ्टिंग में एकता विश्नोई ने जीता रजत पदक

**नईदिल्ली, एजेंसी**

हाल ही में हैदराबाद में संपन्न हुई नेशनल सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग में 50 वर्षीय एकता विश्नोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। एकता ने अपने से आधी उम्र की लड़कियों के साथ प्रतिस्पर्धा की और डेडलिफ्ट में 165 किलोग्राम की सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट के साथ रजत पदक जीता। वह कई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी पदक जीत चुकी हैं।

### शेफलर ने दूसरी बार जीता खिताब

## गोल्फः अमरीकी खिलाड़ी बने अगस्ता मास्टर्स चैंपियन

**अगस्ता.एजेंसी।** दुनिया के नंबर एक गोल्फर अमरीका के स्कॉटी शेफलर ने रविवार को दूसरी बार अगस्ता मास्टर्स खिताब जीत लिया। वह पहली बार 2022 में यहां चैंपियन बने थे। शानदार फॉर्म में चल रहे शेफलर का एक महीने में यह तीसरा खिताब है।



### 74.35 मीटर के साथ नया रिकॉर्ड बनाया

## डिस्कस थ्रोः अलेक्ना ने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ स्वर्ण पदक जीता

**रामोना.एजेंसी।** लिथुआनिया के एथलीट मायकोलास अलेक्ना ने ओक्लाहोमा थ्रो सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया करते हुए डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीत नया कीर्तिमान स्थापित किया। अलेक्ना ने 74.35 मीटर के साथ जर्मनी के जर्गेन शुल्ट के रिकॉर्ड को तोड़ा।




**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## बेबो को पंसद है 'ओमकारा' में निभाया डॉली मिश्रा का किरदार

अभिनेत्री करीना कपूर खान पिछले दिनों अपनी फिल्म 'क्रू' की वजह से काफी चर्चा में थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। दर्शकों ने भी फिल्म को पंसद किया था। बेबो को बड़े पर्दे पर देखकर लोग काफी खुश थे। करीना कपूर ने कई फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। कुछ लोगों को उनका 'कभी खुशी कभी गम' वाला किरदार पसंद हैं तो कई को फिल्म 'जब वी मेट' वाला किरदार लुभाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि करीना कपूर को अपना कौन-सा किरदार पसंद हैं? अगर नहीं मालूम तो कोई बात नहीं,क्योंकि हम आपको इस बारे में बताने जा रहे हैं।

### बेबो को पंसद है डॉली मिश्रा का किरदार

करीना कपूर ने कई साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'ओमकारा' में डॉली मिश्रा का किरदार निभाया था। हाल ही में, करीना कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में इस फिल्म से जुड़ी एक क्लिप को साझा किया है। वीडियो को शेयर करते हुए बेबो ने खुलासा किया कि उन्हें यह किरदार कितना ज्यादा पंसद है। करीना ने वीडियो के साथ लिखा, हे भगवान! मुझे डॉली का किरदार निभाना कितना पसंद आया था। इसके साथ बेबो ने दिल वाला इमोजी भी लगाया हुआ है।

### 'ओमकारा' को मिले हैं तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

फिल्म 'ओमकारा' साल 2006 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया था। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें करीना के पति सैफ अली खान ने भी अहम किरदार निभाया हैं। यह फिल्म विशाल भारद्वाज की सफल फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले है।




## सलमान खान की अगली फिल्म 'बजरंगी भाईजान 2' फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार



सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बजरंगी भाईजान' ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था, जिसके बाद से लगातार इसके सीक्वल पर चर्चा होती रहती है। एक बार फिर इस फिल्म का बहुप्रतीक्षित सीक्वल सुर्खियों में है। फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जिसे सुन सलमान खान के प्रशंसक काफी उत्साहित हो जाएंगे। फिल्म को लेकर नई जानकारी यह है कि निर्माताओं ने इसकी स्क्रिप्ट तैयार कर ली है, लेकिन फिल्म बनने में अभी भी रुकावट है। खबर सामने आई है कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है, लेकिन सलमान खान की मंजूरी का इंतजार है। दरअसल, हाल ही में आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' के प्रचार कार्यक्रम में निर्माता केके राधामोहन ने एक रोमांचक खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 'बजरंगी भाईजान 2' की स्क्रिप्ट तैयार है। बजरंगी भाईजान की कहानी के लेखक और एसएस राजामौली के पिता वी. विजयेंद्र प्रसाद की ओर मुड़ते हुए राधामोहन ने कहा कि स्क्रिप्ट जल्द ही सलमान खान को सुनाई जाएगी। एक बार सलमान स्क्रिप्ट सुन लें और अपनी सहमति दे दें तो फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे बजरंगी भाईजान 2 का निर्माण नहीं कर रहे हैं। इस खबर से फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है। सलमान खान ने 2021 में अपनी और करीना कपूर खान अभिनीत बजरंगी भाईजान के सीक्वल की घोषणा की। इसके बाद उन्होंने यह भी खुलासा किया कि केवी विजयेंद्र प्रसाद फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। कथित तौर पर फिल्म का नाम 'पवन पुत्र भाईजान' रखा गया है। चर्चा है कि पूजा हेगड़े को फिल्म के लिए मुख्य महिला के रूप में चुना गया है। हालांकि, खबर यह भी है कि फिल्म में करीना कपूर की जगह पूजा को लिया गया है। वहीं, अब देखना होगा कि पूजा फिल्म में करीना की जगह लेंगी या किसी और अहम किरदार में नजर आएंगी।

## ममता कुलकर्णी के टॉपलेस फोटोशूट ने उड़ाई थी लोगों की नींद, ब्लैक में बिकती थीं मैगजीन

ममता कुलकर्णी ने 90 के दशक में बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री पर राज किया है। एक्ट्रेस की प्रोफेशन और पर्सनल लाइफ काफी विवादों में घिरी रही है। इन्हीं विवादों में से एक विवाद ममता कुलकर्णी के फोटोशूट से जुड़ा है जब एक्ट्रेस ने सितंबर 1993 में 'स्टारडस्ट' मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाया था। इस समय कोई भी एक्ट्रेस ऑनस्क्रीन बोल्ड सीन करने से भी कतराती थी और ऐसे में ममता के इस फोटोशूट ने तबाही मचा दी थी। आज यानी 20 अप्रैल को ममता कुलकर्णी अपना 52वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस के फोटोशूट से जुड़े विवाद के बारे में बताएंगे। बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने साल 1993 में 'स्टारडस्ट' मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाया था। इस समय बाकी की एक्ट्रेस ऑनस्क्रीन बोल्ड सीन और फोटोज देने से कतराती थीं। ममता कुलकर्णी की बोल्ड फोटोज वाली मैगजीन जैसे ही बाजार में आई तो इस पर विवाद शुरू हो गया था। एक्ट्रेस का ये फोटोशूट कुछ लोगों को काफी पसंद आ रह था, वहीं कुछ लोग इसका जमकर विरोध कर रहे थे। एक्ट्रेस की टॉपलेस फोटोज को देखने के लिए लोगों ने ब्लैक में मैगजीन भी खरीदीं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ममता कुलकर्णी ने टॉपलेस फोटोशूट को करवाने से पहले कई बार सोचा था। पहली बार जब एक्ट्रेस को इस फोटोशूट का ऑफर आया था तो उन्होंने इसे करने के लिए समय मांगा था। एक्ट्रेस ने साथ में शर्त भी रखी थी कि अगर उन्हें फोटोज पसंद नहीं आएंगी तो मैगजीन में उनकी फोटोज को नहीं छापा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ममता कुलकर्णी की ये शर्त मैगजीन वालों ने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद ममता कुलकर्णी का फोटोशूट हुआ और एक्ट्रेस के इन बोल्ड फोटोज को उनकी इजाजत के बाद ही मैगजीन में छापा गया था। ममता कुलकर्णी की फोटोज मैगजीन में छपने के बाद उन पर जुर्माना भी लगाया गया था। इस बोल्ड फोटोशूट के बाद ममता कुलकर्णी रातों-रात स्टार भी बन गई थीं।



### वेंडर की बाइक आरपीएफ पोस्ट के पास से चोरी

# रीवांचल एक्सप्रेस में पत्रकार का बैग हुआ चोरी, युवती का मोबाइल उड़ाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। रीवांचल एक्सप्रेस में सफर के दौरान पत्रकार का बैग चोरी हो गया। इसी प्रकार भोपाल स्टेशन पर बैंच पर बैठी युवती का अज्ञात बदमाश मोबाइल चुराकर ले गया। श्रीधाम एक्सप्रेस में भी यात्री का बैग चोरी होने का मामला सामना आया है। ट्रेनों के अलावा स्टेशन परिसर से भी एक यात्री की बाइक चोरी हो गई। जीआरपी ने सभी प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी रानी कमलापति के अनुसार भोपाल निवासी बालेंद्र पांडे ने शिकायत करते हुए बताया कि वह परिवार के साथ रीवांचल एक्स के कोच एस/4 में अपने परिवार के साथ रीवा से रानी कमलापति की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान सभी ने खाना खाया और अपनी-अपनी सीट पर सो गए। सुबह करीब साढ़े 5 बजे रीवांचल एक्सप्रेस रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान नींद खुली तो सिरहाने के पास रखा बालेंद्र का का साइड बैग नहीं था। बैग में मोबाइल, एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड, जन संपर्क कार्यालय का अधिमान्यता कार्ड था, जो कोई बदमाश चुराकर ले गया।



### क्लास रूम के बाहर बैंच से मोबाइल चोरी

भोपाल निवासी शहाना खान ने जीआरपी भोपाल में शिकायत करते हुए बताया कि वह अपना सामान निकालने के लिए भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के क्लाक रूम पहुंची। उन्होंने अपना मोबाइल बैंच पर रख दिया और सामान निकालने लगी। सामान निकालने के बाद देखा तो बैंच पर रखा मोबाइल नहीं था। आसपास तलाश की पर मोबाइल नहीं मिला। कोई अज्ञात चोर मोबाइल चुराकर ले गया था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई जा रही है।

### श्रीधाम एक्सप्रेस में यात्री का बैग चोरी

नरसिंहपुर निवासी दशरथ लोधी पिता टेक सिंह लोधी (20) ने बताया कि वह परिवार के साथ श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच एस-8 में सफर कर रहा था। उन्हें मथुरा से गोटेगांव जाना था। भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो दशरथ की नींद खुली। इस दौरान पता चला कि उनका नीले रंग का बैग नहीं था। बैग में एक सैमसंग का मोबाइल, स्मार्ट वॉच, चार्जर, तीन किलो मिठाई, नहीं थे।

### पार्किंग कर्मी की बाइक चोरी

शिव नगर छोला, भोपाल निवासी बसंत ढोके ने जीआरपी भोपाल में शिकायत करते हुए बताया कि वह वेंडर का काम करता है। उसने अपनी बाइक आरपीएफ पोस्ट के पीछे प्लेट फार्म नंबर-1 के बाहर खड़ी की थी। काम करने के बाद लौटा तो बाइक आरपीएफ पोस्ट के पास नहीं थी। बाइक एक साल पुरानी है। उसकी कीमत 90 हजार रुपए बताई जा रही है। बसंत ने बताया कि बाइक फाइनेंस थी और उसकी 28 किश्त देनी बाकि थी।

### सूने फ्लैट से जेवरात और नकद रुपए चोरी

**भोपाल।** टीला जमालपुरा स्थित एक सूने फ्लैट का ताला तोड़कर चोर जेवरात और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस के मुताबिक माजिद पुत्र अब्दुल हादी (40) रविदासपुरा आमवाली मस्जिद के पास केएमसी टावर में रहते हैं और कारपेंटर का काम करते हैं। मंगलवार शाम करीब सात बजे वह फ्लैट पर ताला लगाकर परिवार के साथ इब्राहिमपुरा में रहने वाली बेटी के घर चले गए थे। करीब दो घंटे बाद वापस लौटे तो फ्लैट का ताला टूटा मिला और अंदर रखी तीनों अलमारियां खुली पड़ी थी। चैक करने पर अलमारी में रखा सोने का गले का सेट, दो मंगलसूत्र और नकदी 12 हजार रुपए समेत करीब पचास हजार का सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# महिला बैंककर्मी से दुष्कर्म तीन लाख रुपए भी हड़पे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**दोनों परिवार के बीच चल रही थी शादी की बात, इसी का फायदा उठाकर हड़पे रुपए**

पिपलानी थाना क्षेत्र में महिला बैंककर्मी से दुष्कर्म और अड़ीबाजी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कथित प्रेमी के खिलाफ बलात्कार व अड़ीबाजी समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। दरअसल, दोनों परिवार उनकी शादी के लिए राजी थे।

इसी का फायदा उठाकर हुए आरोपी ने डेढ़ साल तक पीड़िता का दैहिक शोषण किया और अलग-अलग काम बताकर तीन लाख रुपए ऐंठ लिए। पिछले दिनों पीड़िता और उनके परिजन ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी शादी से मुकर गया। उसके परिजन भी इस बारे में कुछ भी कहने के लिए तैयार नहीं हैं।

पुलिस के अनुसार पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में रहने वाली 29 साल की युवती बैंक में नौकरी करती हैं। कुछ साल पहले उनकी मुलाकात तरुण धाड़से से हुई थी।

तरुण अशोका गार्डन क्षेत्र में रहता है और प्राइवेट जॉब करता था। गत दिनों से वह बेरोजगार है। कुछ ही दिनों में उनके बीच दोस्ती हो गई और दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे।

इसकी जानकारी परिजन को लगी। दोनों परिवार के बीच बातचीत हुई और रिश्ता भी तय हो गया। इस बीच नवंबर 2023 में आरोपी तरुण ने पहली बार युवती से शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसने कहा कि वैसे भी जल्द ही हमारी शादी होने वाली है। यह सुनकर पीड़िता खामोश रह गई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी ने कई बार पीड़िता का दैहिक शोषण किया।

इस बीच अलग-अलग बहाने और मजबूरियां बताकर उसने युवती से करीब तीन लाख रुपए भी हड़प लिए। युवती के परिजन शादी की तारीख तय करने का दबाव तरुण के परिजन पर बना रहे थे, लेकिन वह लगातार टाल-मटौल करते रहे। गत दिनों युवती ने भी तरुण पर शादी का दबाव बनाया, लेकिन इस बार आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया।

## थ्रेशर में हाथ फंसने से हुई थी किसान की मौत, मालिक पर एफआईआर

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव बरखेड़ा कलां में गेहूं निकालते समय एक किसान के हाथ थ्रेशर में फंस गए थे। थ्रेशर मालिक की लापरवाही से हुआ था हादसा इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की। जांच में पता चला कि थ्रेशर मालिक की लापरवाही से किसान के साथ हादसा हुआ और उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। पुलिस ने थ्रेशर मालिक महेश गौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उल्लेखनीय है कि गांव बरखेड़ा कला निवासी अर्जुन गिरी (27) किसान था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटी बेटी हैं। मंगलवार सुबह अर्जुन अपने खेत पर थ्रेशर से गेहूं निकाल रहा था, तभी उसके दोनों हाथ थ्रेशर की साफ्ट में फंसकर कट गए। मौके पर मौजूद परिजन उसे इलाज के लिए तत्काल बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। थ्रेशर में हाथ जाते ही अत्यधिक मात्रा में खून बहने लगा था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचते इससे पूर्व ही काफी खून बह चुका था और डॉक्टर ने चेक करते ही अर्जुन को मृत घोषित कर दिया था।




## ठेकेदार को अज्ञात बाइक चालक ने मारी टक्कर

**भोपाल।** कोहेफिजा थानांतर्गत वीआईपी रोड पर अज्ञाक बाइक चालक ने बुलेट पर सवार ठेकेदार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक नितेश भम्बानी (42) लालघाटी में रहते हैं और ठेकेदारी करते हैं। मंगलवार सुबह वह वीआईपी रोड पर टलहने के लिए पहुंचे थे। मार्निंग वॉक करने के बाद उन्होंने कोहेफिजा चौराहे पर खड़ी अपनी बुलेट उठाई और रेतघाट की तरफ जाने लगे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात बाइक चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।



# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद दसवीं की छात्र से दुष्कर्म

**इंजीनियरिंग छात्र की करतूत, गर्भवती होने पर खुलासा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



पिपलानी के इन्द्रपुरी में दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी इंजीनियरिंग की करीब छह महीने पहले 17 साल की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। तीन महीने पूर्व मिलने बहाने से आरोपी उसे अपने किराए के कमरे पर ले गया और वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

विरोध करने पर आरोपी ने बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपी ने बार-बार छात्रा से शारीरिक संबंध बनाए। घटना का खुलासा दो दिन पूर्व उस समय हुआ, जब छात्रा के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां पता चला कि वह गर्भवती है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई थी। बयान लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार बागसेवनिया स्थित कॉलोनी में रहने वाली 17 साल की किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है। कुछ समय पूर्व इंस्टाग्राम पर छात्रा की दोस्ती अजय गुप्ता नामक युवक से हुई थी। वह निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग का छात्र है। दोनों के बीच मोबाइल पर बात होने लगी।

इस बीच 15 जनवरी 2025 को अजय ने बहाने से छात्रा को अपने रूम पर बुला लिया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने उसे बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी लगातार छात्रा का दैहिक शोषण करता रहा।

एएसआई वीरेन्द्र ने बताया कि दो दिन पूर्व छात्रा की तबियत अचानक खराब हो गई। उसके पेट में तेज दर्द हो रहा था। परिजन उसे लेकर पहुंचे। परीक्षण के बाद पता चला कि छात्रा गर्भवती है। अस्पताल ने फौरन घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़िता ने सारा घटनाक्रम बता दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी अजय गुप्ता की तलाश शुरू कर दी है। प्रकरण दर्ज होने के बाद से वह फरार है।

# डिवाइडर से टकराकर दो बाइक सवार घायल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

वीआईपी रोड स्थित राजाभोज प्रतिमा के पास एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मुकेश उर्फ गौरव अहिरवार (18) मूलत-सागर का रहने वाला है। फिलहाल वह सिरनेचर वाली मल्टी मंदाकिनी कालोनी कोलार रोड पर रहता है। उसके पिता हेमंत अहिरवार चौकीदारी करते हैं। बीती 29 मार्च की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे मुकेश अपने दोस्त गुलाबचंद राजपूत के साथ उसकी बाइक पर बैठकर घूमने के लिए निकला था। अगले दिन मुकेश के दोस्त गोपाल ने घर जाकर उसके पिता को बताया कि बीती रात मुकेश और गुलाबचंद का एक्सीडेंट हो गया, जिन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन हमीदिया पहुंचे, जहां मुकेश का इलाज चल रहा था। घरवालों ने उसे डिस्चार्ज कराकर कोलार रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान पिता ने पूछताछ की तो मुकेश ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे वह गुलाबचंद के साथ उसकी बाइक पर बैठकर वीआईपी रोड घूमने पहुंचा था। यहां गुलाबचंद की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दोनों को गंभीर चोट आई। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया था। बेटे को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद हेमंत ने कोहेफिजा थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## दो सिंधी नाटकों का मंचन शनिवार 5 को

**भोपाल।** शहीद भवन में सिंधु दर्पण नाट्य संस्था की ओर से शंकर शेष और आशुदो लच्छवाणी के लिखे दो नाटकों सुहिनो सपनो (सुंदर स्वप्न) और प्यार जा पुजारी( प्रेम पुजारी) का सिंधी भाषा में मंचन किया जा रहा है। यह मंचन शाम 5:30 से शहीद भवन में होगा। नाटकों का निर्देशन कविता इसरानी किया है। लगभग एक दर्जन कलाकार नाटक में अभिनय करेंगे प्रकाश संयोजन मुकेश जिज्ञासी का है। सह निर्देशन सुरेश पारवानी ने किया है। नाटकों के लिए गत एक माह से रिहर्सल जारी है। नाटकों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। भोपाल में भारतीय भाषाओं के नाटकों में हिंदी के बाद सबसे अधिक सिंधी नाटकों का मंचन होता है। भोपाल पूरे देश में सिंधी नाटकों के मंचन का प्रमुख केंद्र है। भोपाल में वर्ष 1954 में कलाकार मंडल गठित हुआ था जिसने अनेक नाटक मंचित किए।दादा खियल दास बेगवानी 卐 ?ानी卐 इसके संस्थापक थे। बाद में अशोक बुलानी जी ने सिंधी रंगमंच की यात्रा को आगे बढ़ाया। वार्षिक अवार्ड प्रोग्राम 5 अप्रैल को- अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा का वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम 5 अप्रैल को आर्य ऑडिटोरियम ईस्ट ऑफ़ कैलाश नई दिल्ली में हो रहा है। इस वर्ष जिन 10 विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा उनमें नंद छुगानी मुंबई, अरुण बाबाणी, मुंबई, नील तलरेजा ,मप्र घनश्याम भगत अजमेर,रमेश लाल,दिल्ली आभा आसुदाणी ,नागपुर, काव्या नावाणी ,दिल्ली विजय इसराणी ,दिल्ली वीना श्रृंगी,दिल्ली और दिल्ली की नाट्य संस्था सिंधु कला संगम शामिल है।

**मेट्रो एंकर** मध्यप्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान, मिली बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में 28 लाख के दो इनामी नक्सली धराशायी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के कबी डिवीजन (कान्हा भोरमदेव) की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार-गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचना मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने और उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। सुरक्षा बलों ने सूझबूझ से नियंत्रित एवं प्रभावी जवाबी फायरिंग की। इस जवाबी कार्रवाई में दो वदीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। दोनों महिला माओवादी से एक एसएलआर रायफल और एक अन्य रायफल, भरी मैगजीन, 1 वॉकीटॉकी सेट और चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ अपने साथियों को धराशायी होता देख घने जंगल का फायदा उठाकर अन्य माओवादी फरार होने में कामयाब हो गए। जिनकी तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में पहली बार डेढ़ माह की अवधि में छह माओवादियों को दो मुठभेड़ों में ढेर किया गया है। मृतक माओवादियों का विवरण धराशायी माओवादियों की पहचान एसीएम ममता उर्फ रामबाई पत्नी राकेश ओडी, एसजेडसीएम कबी डिवीजन, निवासी- मुरकुडी, थाना-कोरची, जिला-गढ़चिरोली, महाराष्ट्र के रूप में की गई। उसके पास से सिंगल शॉट रायफल बरामद की गई। एसीएम प्रमिला उर्फ मासे मंडावी, भोरमदेव एरिया कमेटी, निवासी पालीगुढेम, थाना-चिंतलनार, जिला-सुकमा, छत्तीसगढ़, के पास से एसएलआर रायफल बरामद की गई। इस बड़ी सफलता के लिए सुरक्षा बलों की मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सराहना की।



## न्याय मांगने के लिए...



**भोपाल।** भोपाल। एक तरफ शासन द्वारा एक अप्रैल से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है तो दूसरी तरफ सीहोर के बिशनखेड़ी गांव में ग्रामीण भीषण जलसंकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीण इसकी शिकायत पंचायत सचिव से लेकर सीहोर कलेक्टर तक को कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन गांव में एक बोर तक नहीं खुदवा पाया है। जब ग्रामीणों का सीहोर के जिला प्रशासन से विश्वास उठ गया तो वह आवेदनों की पांच मीटर लंबी पूंछ लेकर गांव से 60 किलोमीटर दूर भोपाल संभागायुक्त कार्यालय न्याय मांगने पहुंचे।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना क्रं.: डबल्यूसीआर /सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी /2025/02, दिनांक: 17.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** स.डि.पु.का., भोपाल के लेखा विभाग एवं स्टाफ केंटीन मे संस्थापित सेन्ट्रलाईज एयर कूलिंग सिस्टम के वन टाईम रिपेयर के संबंध में।, **कार्य की लागत:** रू. 272049.00, **निविदा फार्म का मूल्य:** 0.00, **धरोहर राशि:** 5500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 10 दिन, **निविदा जमा करने की तिथि:** 15.04.2025, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2025, 15:15 बजे के उपरांत। निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक विद्धुत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

**कृते मुख्य कारख़ाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारख़ाना पश्चिम मध्य रेल, निशातपुरा, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक राजेश सिरोठिया द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन : 0755-4917524, 2972022